RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्षः 11 अंकः 124 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,शनिवार, 31 अक्टूबर 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

प्रधानमंत्री ने बनासकांठा को 14 हजार करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं की दी सौगात

एजेंसी। गुजरात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा में 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 24वीं किस्त जारी की। इसके तहत देशभर के करीब 10 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 19 हजार करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। प्रधानमंत्री ने बनासकांठा में एक जनसभा में विपक्ष का नाम लिए बिना उस पर देश में अफवाह फैलाने, संकट के समय राजनीति करने और सरकार को बदनाम करने की कोशिश का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को देश मुश्किल में होता है तो खुशी मिलती है और जब पूरा देश एकजुट होकर चुनौतियों का सामना कर रहा होता है, तब ऐसे लोग अफवाह फैलाने में जुट जाते हैं। मोदी ने कहा कि जब देश का युवा और किसान विकसित भारत बनाने के लिए जुटा है, तब कुछ लोगों को यह अच्छा नहीं लग रहा है। ऐसे लोग देश को मुश्किल में देखकर खुश होते हैं। उन्होंने कहा कि इसका ताजा उदाहरण ईरान युद्ध के बाद पैदा हुई वैश्विक परिस्थितियां हैं। जब भारत एकजुट होकर इन चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब कुछ लोग अफवाहें फैलाने में लगे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसानों को खाद नहीं मिलने और बहनों को रसोई गैस की आपूर्ति बंद होने जैसी अफवाहें फैलाई गईं। इन लोगों की योजना देश में अफरा-तफरी फैलाने और मोदी को बदनाम करने की थी। उन्होंने कहा कि युद्ध और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद सरकार ने किसानों के लिए खाद की कमी नहीं होने दी। दुनिया में उर्वरकों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई, लेकिन सरकार ने इसका बोझ किसानों पर नहीं पड़ने दिया। मोदी ने कहा कि वह अपनी आखिरी सांस तक देश की जनता की सेवा करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक परिस्थितियों के कारण उर्वरकों की कीमतों में काफी वृद्धि हुई है। सरकार ने किसानों को इस बोझ से बचाने के लिए करीब 16 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

गुजरात को दो नई रेल सेवाओं की सौगात

अहमदाबाद। गुजरात में रेल कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दो नई रेल सेवाओं का शुभारंभ किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उन्होंने महेसाणा–बेचराजी–साबरमती मेमू ट्रेन और साबरमती–वाराणसी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन सेवाओं से गुजरात, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा। साथ ही बहुचर माता और काशी विश्वनाथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को सीधा लाभ मिलेगा। साबरमती रेलवे स्टेशन पर हुए समारोह में अहमदाबाद के महापौर हितेशभाई बारोट, सांसद राजेश शुक्ला, विधायक, अहमदाबाद शहर भाजपा अध्यक्ष प्रेरक शाह सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बेचराजी स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद हरिभाई पटेल, विधायक सुखाजी ठाकोर तथा पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल के डीआरएम वेद प्रकाश सहित रेलवे अधिकारी मौजूद रहे।

ऐतिहासिक रेल मार्ग पर यात्री सेवा फिर शुरू : महेसाणा–बेचराजी–साबरमती मेमू सेवा शुरू होने से ऐतिहासिक रेल मार्ग पर यात्री परिचालन दोबारा शुरू हुआ है। डीआरएम वेद प्रकाश के अनुसार, इस मार्ग पर वर्ष 1908 में बड़ौदा रियासत के समय रेल सेवा शुरू हुई थी। बाद में आमान परिवर्तन के कारण मीटर गेज पर यात्री सेवाएं बंद हो गई थीं। अब नई सेवा से स्थानीय लोगों को फिर से रेल सुविधा मिलेगी। इस ट्रेन से बहुचर माता मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के अलावा बेचराजी और हंसलपुर स्थित मारुति सुजुकी संयंत्र सहित औद्योगिक इकाइयों में काम करने वाले कर्मचारियों, विद्यार्थियों, किसानों और छोटे व्यापारियों को सुविधा होगी। मेमू ट्रेन में साबरमती से बेचराजी का किराया 25, रणुंज का 30 और महेसाणा का 35 निर्धारित किया गया है। मासिक सीजन टिकट क्रमशः 355, विद्यार्थियों के लिए 180 तथा पात्र छोटे व्यापारियों और किसानों के लिए 535 रखा गया है। वाराणसी के लिए सीधी रेल सेवा। साबरमती–वाराणसी एक्सप्रेस गुजरात, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों को जोड़ेगी। ट्रेन महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, अजमेर, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, आगरा, टूंडला, गोविंदपुरी, मिर्जापुर सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर ठहरेगी। इससे वाराणसी स्थित श्री काशी विश्वनाथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को सीधी रेल सुविधा मिलेगी।

अब वायु सेना प्रमुखों को रेस कोर्स एयर फोर्स स्टेशन में दिए जाएंगे गार्ड ऑफ ऑनर

लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री के घर के सामने पहली बार होगा यह कार्यक्रम

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली में रेस कोर्स एयर फोर्स स्टेशन की जमीन के इस्तेमाल को लेकर चल रहे विवाद के बीच भारतीय वायु सेना के मौजूदा प्रमुख और नवनियुक्त प्रमुख के लिए हाई प्रोफाइल गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह को 31 अक्टूबर को विदाई के दिन और आशुतोष दीक्षित को वायु सेना प्रमुख बनने के बाद एक नवंबर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। यह पहली बार है जब लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री के घर के सामने एयर फोर्स स्टेशन पर यह कार्यक्रम होगा। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह को देश के लिए उनकी 42 साल की शानदार सेवा के बाद 26 अक्टूबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विदाई दी। रक्षा मंत्री ने उनकी शानदार सेवा, बेहतरीन लीडरशिप और देश के लिए उनके अनमोल योगदान की तारीफ की। राजनाथ सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को सफलतापूर्वक पूरा करने और भारतीय वायु सेना की क्षमताओं को मजबूत करने में एयर चीफ मार्शल की अहम भूमिका को माना। उन्होंने एयर चीफ मार्शल एपी सिंह को उनके भविष्य के कामों के लिए शुभकामनाएं दीं। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह 31 अक्टूबर को बहादुरों के सम्मान में नेशनल वॉर मेमोरियल पर पुष्पचक्र चढ़ाएंगे और रिटायर होने से पहले नई दिल्ली के एयर फोर्स स्टेशन में सेरेमोनियल गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करेंगे। वह 25 महीने के कार्यकाल के बाद 31 अक्टूबर को रिटायर हो रहे हैं। एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित कल ही दोपहर में नए एयर चीफ ऑफ स्टाफ का पद संभालेंगे। अधिकारियों ने एयर फोर्स स्टेशन पर गार्ड ऑफ ऑनर होने की पुष्टि करते हुए कहा कि ये हाई-लेवल मिलिट्री ट्रांजिशन और उनसे जुड़ी परेड पहले साउथ ब्लॉक के पास एयर हेडक्वार्टर की तुलना में तंग पार्किंग में होती थीं, लेकिन यह पहला मौका है, जब यह इवेंट लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री के घर के सामने एयर फोर्स स्टेशन पर होगा, जिसे 'लुटियंस ज़ोन' कहा जाता है। दरअसल, एयर फोर्स स्टेशन स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सोमवार से बंद कर दिया गया है, क्योंकि हाउसिंग अर्बन अफेयर्स मिनिस्ट्री यहां की जमीन पर 'सर्वे' कर रही है, जो एयर फोर्स स्टेशन के साथ ही है। कॉम्प्लेक्स और इसकी सुविधाएं स्विमिंग पूल, जिम और रेस्टोरेंट, रिटायर्ड और सेवारत अधिकारियों के लिए बंद हैं। इसी वजह से एयर चीफ मार्शल एपी सिंह का तय 'गोल्फिंग-आउट' कार्यक्रम रद्द करना पड़ा, जो सेवानिवृत्त होने वाले वायु सेना प्रमुख के लिए एक पारंपरिक कार्यक्रम होता रहा है। अब इस नई परंपरा के शुरू होने से आने वाले दिनों में सेरेमोनियल गार्ड ऑफ ऑनर इसी एयर फोर्स स्टेशन में हुआ करेंगे।

संक्षिप्त समाचार

आईडीबीआई बैंक बिक्री पर राहुल ने सवाल उठाए, वित्त मंत्री ने किया पलटवार

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के आईडीबीआई बैंक के निजीकरण एवं उसकी हिस्सेदारी बिक्री की प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस और केंद्र सरकार के बीच सियासी घमासान तेज हो गया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आईडीबीआई बैंक में बड़ी हिस्सेदारी को बेचने के फैसले का विरोध करते हुए बैंक कर्मचारियों के साथ खड़े होने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक राष्ट्र निर्माण के साधन हैं, बेचने की संपत्ति नहीं। वहीं, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राहुल के आरोपों पर पलटवार किया है। सीतारमण ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट में राहुल गांधी के आरोपों का क्रमवार जवाब दिया है। सीतारमण ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि कैसे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों का इस्तेमाल अपनी निजी संस्थाओं के रूप में किया है और विवेकपूर्ण ऋण मानदंडों को दरकिनार करते हुए बैंक कर्मचारियों पर अपनी इच्छा के अनुसार ऋण देने का दबाव डाला है। वित्त मंत्री ने कांग्रेस पर अपने शासनकाल में बैंकों और वित्तीय संस्थानों पर राजनीतिक दबाव डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पेशेवर प्रबंधन, विवेकपूर्ण बैंकिंग और 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक के पुनर्पूंजीकरण के जरिये आईडीबीआई बैंक को फिर से मजबूत बनाया है।

चक्रवात 'अर्णब' के असर से नेपाल में लगातार बारिश, जनजीवन प्रभावित

काठमांडू। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात 'अर्णब' के प्रभाव से गुरुवार रात से हो रही लगातार बारिश ने काठमांडू घाटी सहित नेपाल के कई हिस्सों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बारिश के कारण सरकारी और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के साथ-साथ दिहाड़ी मजदूर भी प्रभावित हुए हैं। विभिन्न कामों से घरों से बाहर निकलने वाले लोग छाता और रेनकोट लेकर अपने गंतव्य की ओर जाते दिखाई दिए। मौसम विज्ञानियों ने शुक्रवार को पूरे दिन हल्की से मध्यम बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। वहीं, कुछ इलाकों में भारी बारिश की भी संभावना है। जल तथा मौसम विभाग की प्रवक्ता विभूति पोखरेल ने बताया कि वैसे तो चक्रवात 'अर्णब' कमजोर पड़ चुका है, लेकिन इसके अवशिष्ट प्रभाव से नेपाल में बारिश, बर्फबारी और तेज हवाएं चल सकती हैं। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। त्रिभुवन विश्वविद्यालय के केंद्रीय जल तथा मौसम विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बिनोद पोखरेल ने बताया कि शुक्रवार दोपहर से रात तक कोशी और बागमती प्रदेश के कई इलाकों में भारी बारिश हो सकती है। चक्रवात का प्रभाव शनिवार से धीरे-धीरे कमजोर पड़ने की संभावना है।

पीएम-किसान की 24वीं किस्त जारी, देश के 9.34 करोड़ किसानों को मिले 18,700 करोड़ रुपये

रांची। भाकृअनुप-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान, नामकुम में शुक्रवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 24वीं किस्त जारी करने के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आयोजित किया गया। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में 415 किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देश के लगभग 9.34 करोड़ किसानों के बैंक खातों में करीब 18,700 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की। कार्यक्रम में संयुक्त सचिव फ्रैंकलिन एल. खोबुंग सहित केंद्र और झारखंड सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कृषि क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि पिछले 12 वर्षों में देश में दूध उत्पादन लगभग 1.6 गुना बढ़ा है। साथ ही भारत शहद उत्पादन में विश्व का दूसरा सबसे बड़ा देश बना है और समुद्री खाद्य निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा कि पीएम-किसान योजना के तहत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। उन्होंने किसानों से इस राशि का उपयोग गुणवत्तापूर्ण बीज और कृषि सामग्री खरीदने में करने की अपील की।

रांची में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर की उपस्थिति में हुआ सीधा प्रसारण, 415 किसानों ने लिया हिस्सा

दिल्ली समेत 6 राज्यों में SIR की समयसीमा बढ़ी

एजेंसी। नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और नगालैंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम की समयसीमा बढ़ा दी है। आयोग ने इन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में दावे-आपत्तियां दाखिल करने, उनके निस्तारण और अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की तारीखों में संशोधन किया है। संबंधित मुख्य चुनाव अधिकारियों से मिले अनुरोधों और परिस्थितियों की समीक्षा के बाद संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। चुनाव आयोग के अवर सचिव संदीप कुमार और सचिव पवन दीवान की ओर से जारी निर्देशों में संबंधित राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को संशोधित कार्यक्रम का विभिन्न प्रचार माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कराने को कहा गया है। साथ ही सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भी संशोधित समय-सारिणी की लिखित जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पात्र मतदाता निर्धारित समयसीमा में अपना पंजीकरण करा सकें। चुनाव आयोग के अनुसार दिल्ली में इसी साल एक अक्टूबर की अर्हता तिथि के आधार पर दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अंतिम तारीख बढ़ाकर 25 नवंबर कर दी गई है। राजधानी में मसौदा मतदाता सूची 31 अगस्त को प्रकाशित की गई थी और दावे-आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर निर्धारित थी। संशोधित कार्यक्रम के तहत नोटिस जारी करने और प्राप्त दावे-आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया 15 दिसंबर तक पूरी की जाएगी। इसके बाद अंतिम मतदाता सूची 22 दिसंबर 2026 को प्रकाशित होगी। महाराष्ट्र में भी एक अक्टूबर की अर्हता तिथि के आधार पर पुनरीक्षण कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। यहां मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटाने या संशोधन के लिए दावे और आपत्तियां अब 13 नवंबर तक स्वीकार की जाएंगी। नोटिस जारी करने और दावे-आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया 25 नवंबर तक पूरी होगी। राज्य में अंतिम मतदाता सूची 30 नवंबर को प्रकाशित की जाएगी। हरियाणा में एक जुलाई की अर्हता तिथि के आधार पर चल रहे एसआईआर के तहत नोटिस जारी करने और दावे-आपत्तियों के निस्तारण की समयसीमा 20 नवंबर तक बढ़ाई गई है। राज्य में अंतिम मतदाता सूची 30 नवंबर को प्रकाशित होगी। आंध्र प्रदेश में भी एक जुलाई की अर्हता तिथि के आधार पर दावे और आपत्तियों के निस्तारण की अंतिम तारीख 20 नवंबर निर्धारित की गई है। यहां अंतिम मतदाता सूची 30 नवंबर को जारी होगी। वहीं, तेलंगाना में एक अक्टूबर की अर्हता तिथि के तहत दावे-आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया 26 नवंबर तक चलेगी। राज्य में अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 30 नवंबर को होगा। नगालैंड में भी एक अक्टूबर की अर्हता तिथि के अनुसार कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। मुख्य चुनाव अधिकारी के अनुरोध पर आयोग ने दावे और आपत्तियों के निस्तारण की समयसीमा बढ़ाकर 25 नवंबर कर दी है। राज्य में अंतिम मतदाता सूची 30 नवंबर को प्रकाशित की जाएगी।

उत्तराखंड के जोशीमठ में हेलीकॉप्टर हादसा, पायलट समेत 6 लोग थे मौजूद

चमोली। देवभूमि उत्तराखंड के चमोली जनपद से एक बड़ी और चिंताजनक खबर सामने आ रही है, जहां देहरादून-बदरीनाथ मार्ग से अपनी वापसी की उड़ान भर रहा एक निजी कंपनी का हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। प्राप्त शुरुआती विवरणों के मुताबिक यह दिल दहला देने वाली घटना पवित्र धाम बदरीनाथ और ज्योतिर्मठ (जोशीमठ) के बीच स्थित दुर्गम पहाड़ी इलाकों के मध्य घटी है। बताया जा रहा है कि यह दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर 'ट्रांस भारत' एविएशन कंपनी का था, जिसमें विमान को संचालित कर रहे एक अनुभवी पायलट समेत कुल छह लोग सवार थे। हादसे की भनक लगते ही प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में बचाव अभियान शुरू किया गया। प्रारंभिक सूचनाओं के आधार पर अंदेशा जताया जा रहा है कि यह हेलीकॉप्टर किसी अत्यधिक दुर्गम और खड़ी चट्टान से टकराकर नीचे जा गिरा है। घटना की गम्भीरता को देखते हुए राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), स्थानीय पुलिस प्रशासन और अन्य बचाव दल तुरंत हरकत में आ गए हैं। राहत एवं बचाव कार्यों को युद्धस्तर पर अंजाम देने के लिए जवानों ने दुर्गम पहाड़ियों की कठिन चढ़ाई शुरू कर दी है और घटनास्थल तक पहुंचने के प्रयास जारी हैं।

भाजपा के विशेष दीपावली मिलन समारोह में 50 देशों के राजनयिकों के शामिल होने की संभावना

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में राजनयिक समुदाय के लिए विशेष दीपावली मिलन समारोह की मेजबानी करेंगे। इस कार्यक्रम में करीब 50 देशों के 90 से अधिक राजनयिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। इनमें विभिन्न देशों के मिशन प्रमुख, उप मिशन प्रमुख और वरिष्ठ राजनयिक शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के भी कार्यक्रम में भाग लेने की संभावना है। भाजपा के मुताबिक इस विशेष आयोजन का उद्देश्य भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और दीपावली के उत्सवी माहौल से अंतरराष्ट्रीय राजनयिक समुदाय को परिचित कराना है। इसके साथ ही विभिन्न देशों के बीच आपसी सद्भाव, मित्रता और जनस्तर पर संबंधों को और मजबूत करना भी कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है। भाजपा के अनुसार समारोह में भारतीय संगीत और आधुनिक तकनीक का अनूठा संगम भी देखने को मिलेगा। इस अवसर पर वायलिन वादक नंदिनी शंकर और आईपैड के माध्यम से संगीत प्रस्तुत करने वाले महेश राघवन की विशेष प्रस्तुति 'परंपरा और नवाचार' आकर्षण का केंद्र रहेगी।

हमारी बेटियां सुरक्षित वातावरण में, डबल इंजन सरकार ने बदली परिस्थिति : सीएम

एजेंसी। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर कहा है कि आज बाजार रात में भी खुले रहते हैं। व्यापारियों को व्यवसाय के विस्तार के नए अवसर मिल रहे हैं और हमारी बेटियां सुरक्षित वातावरण में अपनी प्रतिभा और परिश्रम से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार ने इस परिस्थिति को बदला। यूपी की कानून-व्यवस्था पर सीएम योगी बोले- 'हमारी बेटियां सुरक्षित वातावरण में, डबल इंजन सरकार ने बदली परिस्थिति' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, "आज नए उत्तर प्रदेश में रात्रि के समय जगमगाते बाजारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की रोशनी केवल व्यापार की नहीं, बल्कि व्यापारी के विश्वास का प्रकाश है। नाइट शिफ्ट में अपने कार्यस्थल पर निर्भय होकर दायित्व निभाती हमारी मातृशक्ति का आत्मविश्वास केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे समाज की प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने पिछली सरकार पर भी निशाना साधा। सीएम योगी ने कहा, "किंतु सुरक्षा और विश्वास का यह वातावरण उत्तर प्रदेश में सदैव नहीं था। वर्ष 2017 से पहले अपराध और असुरक्षा के कारण सूर्यास्त के साथ व्यापारिक गतिविधियां सीमित होने लगती थीं। देर रात तक कार्य करने वाली महिलाओं की सुरक्षा को लेकर परिवारों में चिंता बनी रहती थी। सीएम योगी ने आगे कहा, "प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार ने इस परिस्थिति को बदला। अपराध और अपराधियों के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किया एवं महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दी। आज बाजार रात में भी खुले रहते हैं। व्यापारियों को व्यवसाय के विस्तार के नए अवसर मिल रहे हैं और हमारी बेटियां सुरक्षित वातावरण में अपनी प्रतिभा और परिश्रम से आगे बढ़ रही हैं।

वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद आरके सिन्हा का निधन

एजेंसी। पटना

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व राज्यसभा सांसद और एसआईएस ग्रुप के संस्थापक डॉ. रविंद्र किशोर सिन्हा (आरके सिन्हा) का शुक्रवार को नोएडा स्थित आवास पर निधन हो गया। वे करीब 75 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। ब्रेन स्ट्रोक के बाद वे लंबे समय तक कोमा में रहे। उनके निधन की खबर से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पारिवारिक जानकारी के अनुसार, उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए नोएडा से पटना लाया जाएगा। पटना के पाटलिपुत्र स्थित अन्नपूर्णा भवन में लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर सकेंगे।

नितिन नवीन, धर्मेंद्र प्रधान ने आरके सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित की

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद रवींद्र किशोर सिन्हा को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पहुंचकर उनकी पार्थिव देह पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने सिन्हा के संगठनात्मक योगदान, सामाजिक सरोकारों और उद्यमशीलता को याद किया। नितिन नवीन ने एक्स पोस्ट पर साझा किए शोक संदेश में कहा भाजपा के स्थापना काल से संगठन के विस्तार में उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा। एसआईएस को पटना से वैश्विक पहचान दिलाने के साथ-साथ सुरक्षा क्षेत्र में रोजगार सृजन में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। चित्रांश समाज के मार्गदर्शक के रूप में वे सदैव समाज के सुख-दुःख में साथ खड़े रहे। नितिन नवीन ने सिन्हा को अपना अभिभावक बताते हुए उनके निधन को व्यक्तिगत क्षति बताया। उन्होंने कहा कि जीवन के अंतिम क्षणों तक संगठन और समाज के प्रति समर्पित आरके सिन्हा की सरलता, निष्ठा और कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीयता सदैव स्मरणीय रहेगी। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों और शुभचिंतकों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

कोहिनूर पावर से जुड़े 280 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में बंगाल के 8 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोलकाता जोन-1 ने 280 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में पश्चिम बंगाल के 8 ठिकानों पर तलाशी और जब्ती की कार्रवाई की है। यह मामला कोहिनूर पावर प्राइवेट लिमिटेड, बैंक और अन्य से जुड़ा है। ईडी की यह कार्रवाई धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 17 के तहत की जा रही है। ईडी के अनुसार, मामले की जांच में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की कार्यवाही के कथित दुरुपयोग के जरिए अपराध से अर्जित धन (पीओसी) के इस्तेमाल की आशंका पर ध्यान केंद्रित किया गया है। एजेंसी इस पहलू की जांच कर रही है कि अपराध से अर्जित धन का इस्तेमाल एनसीएलटी की विभिन्न प्रक्रियाओं में किस तरह किया गया। तलाशी अभियान के दायरे में आवासीय और आधिकारिक परिसर शामिल हैं। ये परिसर उन लोगों के हैं, जिनमें कंपनी के निदेशक, ऑडिटर और समाधान पेशेवर (रेजोल्यूशन प्रोफेशनल) शामिल हैं। ईडी को संदेह है कि ये लोग अपराध से अर्जित धन से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं और गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं।

उप्र के जालौन में अवैध सिंथेटिक ड्रग्स बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़, 1100 किलो नशीले पदार्थ व रसायन जब्त

नई दिल्ली। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के एक दूरदराज गांव में चल रही अवैध सिंथेटिक ड्रग्स बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई में करीब 1100 किलोग्राम नशीले पदार्थ, उन्हें बनाने में इस्तेमाल होने वाले रसायन और उपकरण जब्त किए गए हैं। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई के अधिकारियों की बड़ी टीम ने उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) की मदद से 29 अक्टूबर की सुबह संदिग्ध ठिकाने पर संयुक्त कार्रवाई की। तलाशी के दौरान वहां सिंथेटिक ड्रग्स बनाने के लिए पूरी तरह संचालित प्रयोगशाला मिली। मौके से करीब 184 किलोग्राम अर्धनिर्मित नशीले पदार्थ, लगभग 582 किलोग्राम प्रीकर्सर रसायन और निर्माण में इस्तेमाल होने वाले उपकरण जब्त किए गए। इसके बाद आरोपितों के आवासीय परिसरों की तलाशी ली गई। वहां से करीब 15.4 किलोग्राम तैयार मेथाक्वालोन, लगभग 153 किलोग्राम रसायन और निर्माण प्रक्रिया में इस्तेमाल होने वाली एक मशीन बरामद की गई।

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली की चार कॉलोनियों को एनडीएमसी बनाएगी अनुपम

नई दिल्ली, एजेंसी। एनडीएमसी (नई दिल्ली नगर परिषद) ने 10 दिसंबर तक चार आवासीय कॉलोनियों को अनुपम कॉलोनी के रूप में विकसित करने के लिए चुना है। इस दौरान यहां कचरे को चार श्रेणियों में अलग करने, स्थानीय स्तर पर कचरे का प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) करने और निवासियों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा। इस बात की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि चुनी गई कॉलोनियों में क्वींस मार्ग स्थित केंद्रीय सरकारी कर्मचारी आवासीय परिसर, वेस्ट किदवई नगर, सरोजिनी विहार और चाणक्यपुरी स्थित चाणक्य रेल एन्क्लेव शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि इसका मकसद आवासीय परिसरों के भीतर ही अलग किए गए गीले और बागवानी कचरे का प्रसंस्करण करना है, ताकि उसे दूर स्थित प्रोसेसिंग केंद्रों तक ले जाने की जरूरत न पड़े।

10 घरों को जारी करना पड़ा नोटिस : आवासीय परिसर में एक जागरूकता अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि 10 घरों से बिना अलग किया हुआ (मिश्रित) कचरा दिया जा रहा था। जिसके बाद इन सभी 10 घरों को नोटिस जारी कर कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में बांटने के नियमों का पालन करने के लिए कहा गया है।

कचरे को चार श्रेणियों में बांटने को कहा : अधिकारियों ने बताया कि इस परिसर में 135 फ्लैट हैं, जिनमें से 75 में अभी लोग रह रहे हैं। निवासियों से कहा गया है कि वे कचरा इकट्ठा करने वालों को देने से पहले उसे चार श्रेणियों- गीला कचरा, सूखा कचरा, सैनिटरी कचरा और विशेष देखभाल वाला कचरा में अलग-अलग बांट लें।

नेकी की दीवार भी बनाई जाएगी : एनडीएमसी इन चार कॉलोनियों में 3क्रसेंटर और नेकी की दीवार जैसी सुविधाएं भी शुरू करने की योजना बना रही है। इससे निवासियों को अपनी पुरानी लेकिन इस्तेमाल लायक चीजें जरूरतमंदों को दान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे चीजों के दोबारा इस्तेमाल (रीयूज़) को बढ़ावा मिलेगा। नगरीय निकाय ने बताया कि चुनी गई चारों कॉलोनियों के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन भी इस पहल का समर्थन करने के लिए सहमत हो गए हैं। निकाय ने आगे कहा कि तय शर्तों को पूरा करने पर, 10 दिसंबर तक इन कॉलोनियों को अनुपम कॉलोनी घोषित कर दिया जाएगा। इस बारे में जारी एक बयान में बताया गया कि एनडीएमसी के अध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में, परिषद अपने अधिकार क्षेत्र में कचरे को अलग करने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने और स्थानीय स्तर पर कचरे के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए R WA, निवासियों और सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर काम करेगी।

एनसीसी कैडेट्स से अब यह काम भी ले सकती है दिल्ली पुलिस

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस राजधानी के पार्कों में होने वाले अपराधों को रोकने के लिए आने वाले समय में एनसीसी कैडेट्स को पार्क प्रहरी बना सकती है। पार्कों की सुरक्षा को लेकर हुई बैठक में गृह मंत्रालय ने पुलिस को इस दिशा में काम करने की सलाह दी है। गृह मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि पुलिस पार्कों में शाम के समय कुछ घंटे के लिए एनसीसी कैडेट को तैनात कर सकती है। इसके लिए पुलिस को ऐप या वेबसाइट बनाने की सलाह दी गई है जहां इच्छुक एनसीसी कैडेट रजिस्ट्रेशन कर सकें। इसके लिए उन्हें दिल्ली पुलिस पारितोषक भी दे सकती है। बीते सितंबर माह में अमर कॉलोनी स्थित आस्था कुंज पार्क में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म हुआ था। इस वारदात के बाद पार्कों की सुरक्षा को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हुआ था। एक तरफ जहां पुलिस, नगर निगम एवं डीडीए ने दिल्ली के सभी पार्कों का सुरक्षा ऑडिट किया तो वहीं दूसरी तरफ यहां मौजूद खामियों को दूर करने का काम किया जा रहा है। हाल ही में पार्कों की सुरक्षा को लेकर केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की थी। केंद्रीय गृह सचिव के नेतृत्व में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि दिल्ली में 2 एकड़ एवं इससे अधिक क्षेत्रफल में फैले प्रत्येक पार्क के प्रवेश एवं निकास द्वार पर कम से कम दो गार्ड अवश्य तैनात रहेंगे। प्रत्येक घंटे इनमें से एक गार्ड पार्क के अंदर गश्त लगाएगा। इन सभी पार्कों में इंडियन रोड्स कांग्रेस के नियमानुसार पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाएगी।

दिल्ली में एसआईआर की डेडलाइन फिर बदली, 25 तक नाम जुड़वाने का मौका

नई दिल्ली, एजेंसी। चुनाव आयोग ने दिल्ली में वोटर लिस्ट की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कार्यक्रम में एक बार संशोधन कर डेडलाइन 26 दिन और बढ़ा दी है। दिल्ली में दावे और आपत्तियां दाखिल करने की समयसीमा 30 अक्टूबर से बढ़ाकर 25 नवंबर कर दी गई है। दावों के निपटारे की समयसीमा भी 30 नवंबर से बढ़ाकर 15 दिसंबर कर दी गई है। फाइल वोटर लिस्ट 22 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी।

ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में 47.56 लाख लोगों के कटे नाम

दिल्ली में वोटर लिस्ट की एसआईआ प्रक्रिया के तहत दावे और आपत्तियां दर्ज कराने के लिए निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को 25 दिन की मोहलत और दी है। दिल्ली की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में 47.56 लाख लोगों के नाम कटने के बावजूद अभी तक वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए महज 2.75 लाख लोगों ने आवेदन किए हैं। वहीं, नाम हटाने के लिए 21603 आपत्तियां दर्ज हुई हैं।

ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से 47.56 लाख नाम कटने के सापेक्ष नाम जुड़वाने के आवेदन कम होने की वजह से उम्मीद की जा रही थी कि दावे-आपत्तियों की अंतिम तारीख बढ़ाई जा सकती है। कोर्ट ने भी लिस्ट से बाहर हुए मतदाताओं को नए सिरे से फार्म-6 भरने के लिए बाध्य किए जाने को लेकर टिप्पणी की थी। कोर्ट ने ऐसे मतदाताओं से पते या अन्य विवरण में संशोधन के लिए फार्म भरवाए जाने के लिए कहा था। ऐसे में दावे-आपत्तियों और संशोधन के आवेदन करने के लिए 25 नवंबर तक की मोहलत मिल जाने से दिल्ली के लोगों को बड़ी राहत मिली है।

दिल्ली के मतदाता बीएलओ से मिलकर दावे-आपत्तियों के फार्म जमा करा सकते हैं या ऑनलाइन माध्यम से भी इनके लिए आवेदन कर सकेंगे। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक 31 अगस्त को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट प्रकाशित होने के बाद नाम जुड़वाने के लिए 2,75,856 आवेदन, आपत्तियां दर्ज कराने के लिए 21,603 आवेदन और वोटर लिस्ट में नाम, पते या अन्य डिटेल में सुधार के लिए फॉर्म-8 के जरिये 1,03,352 आवेदन जमा हुए हैं।

जल्द से जल्द निपटारे का प्रयास

निर्वाचन आयोग के मुताबिक, 30 अक्टूबर तक मिल चुके दावे और आपत्तियों का निपटारा जल्द से जल्द करने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान आपत्तियों और दावों के आवेदनों का सत्यापन होगा। सभी आवेदनों का सत्यापन और निस्तारण होने के बाद फाइनल वोटर लिस्ट प्रकाशित की जाएगी। आयोग के मुताबिक, किसी भी मतदाता का नाम नहीं कटने दिया जाएगा। प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी।

दक्षिण-पश्चिम जिले में सबसे ज्यादा आपत्तियां

सीईओ कार्यालय के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम जिले में नाम हटाने के लिए सबसे ज्यादा 3,227 आपत्तियां दर्ज हुई हैं। इसके बाद दक्षिण जिले में 2,963, उत्तर-पूर्व जिले में 2,588 और दक्षिण-पूर्व जिले में 2,251 आवेदन जमा हुए हैं। नई दिल्ली जिले में आपत्तियों के लिए 580 फॉर्म-7 आवेदन जमा हुए।

करीब 32 लाख नोटिसों का हो चुका निस्तारण

ड्राफ्ट वोटर लिस्ट प्रकाशित होने के बाद निर्वाचन आयोग की ओर से दिल्ली के 33.14 लाख मतदाताओं को नो-मैपिंग और गणना फॉर्म में तार्किक विसंगतियों के लिए नोटिस जारी किए थे। इनमें से अब तक करीब 32 लाख नोटिसों का निस्तारण किया जा चुका है। बकाया नोटिसों का निस्तारण भी 30 नवंबर तक किया जा सकेगा।

ऐसे कर सकेंगे दावे और आपत्तियों के लिए आवेदन

जो लोग मतदाता सूची में नाम जुड़वाने या ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर आपत्ति अभी तक दर्ज नहीं करा पाए हैं, लेकिन कराना चाहते हैं, वे अपने क्षेत्र के बीएलओ के पास से फार्म लेकर उन्हें भरकर तत्काल उन्हीं के पास जमा करा सकेंगे। इसके अलावा सीईओ दिल्ली की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से भी फार्म भरे जा सकेंगे।

दिल्ली पुलिस का पटाखों के खिलाफ बड़ा अभियान, 1,073 किलो पटाखे जब्त; 10 मुकदमे किए दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी। आगामी त्योहारों के सीजन को देखते हुए दिल्ली पुलिस के उत्तरी जिले ने अवैध पटाखों की बिक्री, भंडारण और कब्जे के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाकर जिले के विभिन्न इलाकों से कुल 1,073.426 किलोग्राम पटाखे जब्त किए हैं और 10 एफआईआर दर्ज की हैं।

पुलिस ने की अपील: उत्तरी जिले की उपायुक्त (डीसीपी) आईपीएस निहारिका भट्ट ने बताया कि भीड़भाड़ वाले बाजारों और आवासीय क्षेत्रों में पटाखों का अवैध भंडारण और असुरक्षित रख-रखाव बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। इससे आग लगने और जन-धन के नुकसान का गंभीर जोखिम बना रहता है। पुलिस का उद्देश्य नियमों का सख्ती से पालन कराना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

जनता और व्यापारियों से अपील: दिल्ली पुलिस ने सभी नागरिकों, व्यापारियों, दुकानदारों और मकान मालिकों से अपील की है कि वे पटाखों से संबंधित नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार की अवैध बिक्री या भंडारण से दूर रहें। साथ ही, पुलिस ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि यदि वे अपने आसपास, विशेषकर भीड़भाड़ वाले बाजारों या रिहाइशी मकानों में अवैध पटाखों के भंडारण या बिक्री की कोई गतिविधि देखें, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें ताकि समय पर कानूनी कार्रवाई की जा सके।

दिल्ली में सजेगा कला का महाकुंभ, जंतर-मंतर और ऐतिहासिक स्मारकों में 4 दिसंबर से शुरू होगा इंडिया बिएनाले 2026

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली का ऐतिहासिक जंतर-मंतर अब विरोध प्रदर्शनों के बजाय कला, वास्तुकला और डिजाइन के बड़े आयोजन के लिए चर्चा में रहेगा।

केंद्र सरकार ने प्रदर्शन स्थल के रूप में जंतर-मंतर की अधिसूचना रद्द किए जाने के कुछ ही दिनों बाद इसे इंडिया बिएनाले 2026 के प्रमुख स्थलों में शामिल करने का निर्णय लिया है। संस्कृति मंत्रालय की परिकल्पना पर आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम चार दिसंबर से शुरू होकर 21 मार्च तक चलेगा।

दिल्ली में दिखेगा कला का अद्भुत नजारा: इंडिया बिएनाले के दौरान दिल्ली के करीब एक दर्जन ऐतिहासिक स्मारकों और प्रमुख सांस्कृतिक स्थलों पर प्रदर्शनियां, कार्यक्रम और कला से जुड़े अनुभव प्रस्तुत किए जाएंगे।

इनमें लाल किला, कुतुब मीनार, हुमायूं का मकबरा, अग्रसेन की बावली, हौज खास, लोधी गार्डन, सफदरजंग का मकबरा और फिरोजशाह कोटला सहित कई ऐतिहासिक स्थल शामिल हैं। राष्ट्रीय संग्रहालय, राष्ट्रीय आधुनिक कला दीर्घा और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र जैसे संस्थानों को भी आयोजन से जोड़ा गया है।

नौ देश आयोजन में भागीदारी की पुष्टि: फ्रांस, इटली, हंगरी, स्विट्जरलैंड और श्रीलंका सहित नौ देश आयोजन में भागीदारी की पुष्टि कर चुके हैं। इसमें भारत के साथ 20 से अधिक देशों की कला, वास्तुकला और डिजाइन को एक मंच पर लाने की योजना है। इस आयोजन का पहला संस्करण वर्ष 2023 में लाल किले में हुआ था।

2026 के आयोजन को दिया जा रहा भव्य रूप: हालांकि, उस समय इसका दायरा सीमित था। वर्ष 2026 के आयोजन को अधिक व्यापक स्वरूप दिया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, 108 दिनों तक दिल्ली के ऐतिहासिक स्मारक, संग्रहालय, कला दीर्घाएं और सार्वजनिक स्थल कला एवं संस्कृति से जुड़े संवाद का हिस्सा बनेंगे। जंतर-मंतर तीन दशक से अधिक समय तक दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के प्रमुख स्थलों में शामिल रहा है। संसद और महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालयों के निकट होने के कारण यहां प्रदर्शनों को लेकर लंबे समय से चिंताएं भी जताई जाती रही हैं।

हिमांशु भाऊ और काला असौदिया गैंग का बदमाश दिल्ली पुलिस के हाथों गिरफ्तार

हत्या-डकैती के दो मामलों में था फरार

नई दिल्ली, एजेंसी। दक्षिणी जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने हिमांशु भाऊ और काला असौदिया गैंग से से जुड़े एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश की पहचान हरियाणा के झज्जर निवासी 30 वर्षीय मनीष उर्फ अजय उर्फ भोला के रूप में हुई है। वह हत्या और डकैती के दो मामलों में फरार चल रहा था और अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर रखा था। पुलिस ने उसके कब्जे से एक पिस्टल और पांच कारतूस बरामद किए हैं।

एक पिस्टल और पांच कारतूस बरामद

दक्षिणी जिला पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल के अनुसार, स्पेशल स्टाफ को 27 अक्टूबर की रात सूचना मिली थी कि एक बदमाश अवैध हथियार लेकर जौनापुर स्थित नीम करोली, मंडी रोड के पास आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बदमाश को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक पिस्टल और पांच कारतूस बरामद किए।

वर्ष 2019 का डकैती का मामला शामिल

पुलिस के मुताबिक, बदमाश मनीष उर्फ अजय उर्फ भोला के खिलाफ पहले से पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें मुंडका थाने में दर्ज वर्ष 2025 का हत्या का मामला और वर्ष 2019 का डकैती का मामला शामिल है। इन दोनों मामलों में अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित किया हुआ था। इसके अलावा उसके खिलाफ हरि नगर, मुंडका और बल्लभगढ़ सदर थानों में भी मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस बदमाश के अन्य साथियों की पहचान करने और दूसरी आपराधिक वारदातों में उसकी संलिप्तता की जांच की जा रही है।

यमुना किनारे 24 मॉडल घाटों पर मनेगी छठ पूजा, सीसीटीवी से चेंजिंग रूम तक का रहेगा इंतजाम

नई दिल्ली, एजेंसी। यमुनापार में छठ पूजा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार भी यमुना किनारे व रिहायशी क्षेत्रों में अस्थायी घाट बनाएं जाएंगे।

यमुनापार में 300 से अधिक घाट बनाएं जाएंगे। यमुना के किनारे 24 घाट बनाएं जाएंगे, यह सभी माडल घाट होंगे। इन घाटों पर सरकार की ओर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिला प्रशासन के अधिकारी अगले सप्ताह छठ समितियों के साथ बैठक करेंगे।

उत्तर पूर्वी जिले के डीएम अजय कुमार ने कहा कि यमुना किनारे छठ पूजा प्रतिबंधित कर दी थी। पिछले साल से फिर से यमुना किनारे पूजा शुरू हुई है। दिल्ली में अधिकतर पूर्वांचल के लोग यमुनापार में रहते हैं। छठ घाटों पर सबसे अधिक भीड़ यमुनापार में ही रहती है।

यमुना किनारे बनेंगे 24 घाट : यमुना किनारे 24 घाट बनाएं जा रहे हैं। इन घाटों पर सरकार की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। प्रवेश द्वार बनाने के साथ ही चेंजिंग रूम, शौचालय, लाइट की व्यवस्था रहेगी। निगम व सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग को आदेश दिए हैं कि व्रती जिस रास्ते से जाएंगे, वहां रास्ता समतल होना चाहिए। पत्थर नहीं होने चाहिए।

विपक्ष के प्रदर्शन से पहले दिल्ली पुलिस अलर्ट पर, राजधानी में 16 नवंबर तक रहेंगी सीएपीएफ की 270 कंपनियां

नई दिल्ली, एजेंसी। आईएनडीआईए की एक नवंबर को रामलीला मैदान में होने जा रही रैली और कुछ संगठनों की ओर से अचानक प्रदर्शन किए जाने की आशंका को देखते हुए केंद्र ने दिल्ली में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 270 कंपनियों की तैनाती तीसरी बार बढ़ाकर 16 नवंबर तक कर दी है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

कॉकरोच जनता पार्टी के इस महीने की शुरुआत में हुए प्रदर्शनों के मद्देनजर इन सशस्त्र बलों की टुकड़ियों को दिल्ली लाया गया था।

अधिकारियों ने बताया कि गृह मंत्रालय ने यह फैसला रविवार को रामलीला मैदान में आईएनडीआईए के प्रदर्शन और रैली, कुछ संगठनों की ओर से अचानक प्रदर्शन की आशंका और त्योहारों के मौजूदा मौसम में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर लिया गया।

इन सीएपीएफ टुकड़ियों को उपलब्ध कराने वाली दिल्ली पुलिस से उनकी तैनाती के समन्वय को कहा गया है। दिल्ली पुलिस के साथ तैनात रहने वाली 270 कंपनियों में सीआरपीएफ की 125 कंपनियां शामिल हैं, जिनमें महिला कर्मियों की 17 इकाइयां हैं।

इसके अलावा आरएएफ की 20, बीएसएफ की 46, आईटीबीपी की 39, एसएसबी की 31 और सीआइएसएफ की 12 कंपनियां हैं। सीएपीएफ की एक कंपनी में स्वीकृत संख्या 100 कर्मियों की होती है, लेकिन प्रभावी परिचालन संख्या करीब 70-72 कर्मियों की रहती है।

दिल्ली मेट्रो के 2 नए कॉरिडोर अब अगले साल ही होंगे पूरे

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली मेट्रो के फेज चार में निर्माणाधीन प्रमुखता वाले दो नए कॉरिडोर का निर्माण अब अगले वर्ष ही पूरा हो पाएगा। गोल्डन लाइन (तुगलकाबाद-एरोसिटी) मेट्रो कॉरिडोर के निर्माण में सबसे अधिक विलंब हुआ है। इस वजह से इसका निर्माण अगले वर्ष के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। वहीं, मजेंटा लाइन के एक्सटेंशन जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम कॉरिडोर का करीब 12त्न ही काम बाकी है। ऐसे में उम्मीद व्यक्त की जा रही है कि अगले साल के मध्य तक यह कॉरिडोर पूरा बनकर तैयार हो जाएगा।

इस कॉरिडोर का ही शत प्रतिशत काम पूरा: बता दें कि, वर्ष 2019-20 में फेज चार के तीन प्रमुखता वाले कॉरिडोर का निर्माण शुरू हुआ था। इसमें से अब तक सिर्फ एक मजलिस पार्क-मौजपुर कॉरिडोर का निर्माण ही शत प्रतिशत पूरा हो सका है। बाकी दो कॉरिडोर, जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम और गोल्डन लाइन का निर्माण भी इस वर्ष के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य था। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) द्वारा जारी निर्माणाधीन मेट्रो परियोजनाओं की स्टेट्स रिपोर्ट के अनुसार 29.262 किलोमीटर लंबी मजेंटा लाइन एक्सटेंशन (जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम) कॉरिडोर का 87.62 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। वैसे इस कॉरिडोर के 11.734 किलोमीटर हिस्से पर मेट्रो का परिचालन शुरू हो चुका है। कृष्णा पार्क एक्सटेंशन से दीपाली चौक व मजलिस पार्क से आरके आश्रम के बीच अभी कार्य चल रहा है। कृष्णा पार्क एक्सटेंशन से दीपाली चौक के बीच का हिस्सा काफी हद तक तैयार है। इसका कार्य अंतिम चरण में है।

गोल्डन लाइन का अभी सिर्फ 79 प्रतिशत काम हुआ

गोल्डन लाइन का अभी सिर्फ 79.54 प्रतिशत ही कार्य हो पाया है। पहले कोरोना और फिर बाद में खानपुर के पास जमीन अधिग्रहण में देरी के कारण इस मेट्रो कॉरिडोर के निर्माण में विलंब हुआ। इस वजह से अभी करीब 20त्न काम होना बाकी है, इसलिए यह कॉरिडोर अगले वर्ष के अंत तक पूरा होने की संभावना है। हालांकि, इस कॉरिडोर पर भी तुगलकाबाद से संगम विहार तक कॉरिडोर बनकर काफी हद तक तैयार है। इस पर जल्दी परिचालन शुरू हो सकता है।

दिल्ली मेट्रो में आज रात 12 बजे तक सफर कर सकेंगे

दिलजीत दोसांझ के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित ऑरा इंडिया टूर कॉन्सर्ट के मद्देनजर शुक्रवार को मेट्रो रात 12 बजे (आधी रात) तक चलेगी। डीएमआरसी का कहना है कि एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन व गुरुग्राम के रैपिड मेट्रो को छोड़कर दिल्ली मेट्रो के अन्य सभी कॉरिडोर पर आधी रात तक मेट्रो सेवा उपलब्ध रहेगी। ताकि कॉन्सर्ट में पहुंचने वाले दर्शक कार्यक्रम के समाप्त होने के बाद आसानी से वापस अपने घर पहुंच सकें। वायलेट लाइन पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम मेट्रो स्टेशन भी है, जहां उतरकर मेट्रो से आसानी से आयोजन स्थल पहुंचा जा सकता है। डीएमआरसी का कहना है कि कार्यक्रम खत्म होने के बाद पूरे नेटवर्क पर अतिरिक्त ट्रेनें चलाई जाएंगी।

राजधानी से बाहर जाने का अलग रास्ता, पुराने वाहनों की एंट्री पर बैन; दिल्ली में 1 नवंबर से ग्रैप के नए नियम होंगे लागू

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर लगाम लगाने और हवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने संशोधित ग्रैडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत वाहनों के प्रवेश को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। ये पाबंदियां 1 नवंबर 2026 दिन सोमवार से लागू होंगी।

दिल्ली से होकर गुजरने वाली गाड़ियां किस रास्ते से जाएंगी?: ट्रैफिक पुलिस ने लोगों को सलाह दी है कि वे वाहन से यात्रा की योजना बनाने से पहले अपने वाहन की पात्रता जरूर जांच लें। साथ ही, दिल्ली से होकर आगे जाने वाले गैर-जरूरी ट्रकों को शहर के भीतर आने की अनुमति नहीं होगी। उन्हें पेरीफेरल एक्सप्रेसवे का इस्तेमाल करना होगा।

भीलवाड़ा में शांति भंग के आरोप में 11 गिरफ्तार, वांछित आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़ा

9 थाना क्षेत्रों में पुलिस की कार्रवाई, धारा 126-170 बीएनएसएस के तहत पकड़े गए आरोपी

बड़लियास पुलिस ने प्रकरण संख्या 250/2026 में वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार...

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा / जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और शांति भंग करने की आशंका के चलते पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 11 जनों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 126-170 के तहत गिरफ्तार किया गया। वहीं, बड़लियास थाना पुलिस ने एक प्रकरण में वांछित आरोपी को भी गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार

शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार आरोपीः-

बड़लियास थानाः शंकर लाल पुत्र रामकुमार जाट, उम्र 40 वर्ष, निवासी नोहरा, थाना बड़लियास, जिला भीलवाड़ा। धारा 126-170 बीएनएसएस।

करेड़ा थानाः गहरी लाल पुत्र गोपी जी गुर्जर, उम्र 21 वर्ष, निवासी जालमपुरा, थाना करेड़ा, जिला भीलवाड़ा। धारा 126-170 बीएनएसएस।

कोटड़ी थानाः कन्हैया लाल सुथार पुत्र भैरू लाल सुथार, उम्र 20 वर्ष, निवासी नन्दराय, थाना कोटड़ी, जिला भीलवाड़ा। धारा 126-170 बीएनएसएस।

पारोली थानाः दिनेश पुत्र शंकरलाल आचार्य, उम्र 27 वर्ष, निवासी रोपां, थाना पारोली, जिला भीलवाड़ा। धारा 126-170 बीएनएसएस।

गांधीनगर थानाः अरविंद पुत्र ओमप्रकाश सेन, उम्र 38 वर्ष, मूल निवासी रायला, थाना रायला, हाल निवासी गायत्रीनगर, गौतम स्कूल के पास, थाना गांधीनगर, जिला भीलवाड़ा। धारा 126-170 बीएनएसएस।

जहाजपुर थानाः कुलदीप पुत्र बाबूलाल रेगर, उम्र 27 वर्ष, निवासी बिंदी गेट के पास, जहाजपुर, थाना जहाजपुर, जिला भीलवाड़ा। धारा 126-170 बीएनएसएस।

हनुमाननगर थानाः सीताराम पुत्र पेमाराम मीणा, उम्र 53 वर्ष, निवासी खाना का खोहल्ला, गाडोली, थाना हनुमाननगर, जिला भीलवाड़ा। धारा 126-170 बीएनएसएस।

हमीरगढ़ थानाः

छोटू कुमावत पुत्र खेमराज, उम्र 28 वर्ष, निवासी बिलियाखेड़ा, थाना हमीरगढ़, जिला भीलवाड़ा।

बरदी चन्द पुत्र खेमराज, उम्र 38 वर्ष, निवासी बिलियाखेड़ा, थाना हमीरगढ़, जिला भीलवाड़ा।

दोनों को धारा 126-170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया।

गुलाबपुरा थानाः सर्वेश कुमार शर्मा पुत्र सदानंद, निवासी जिला भीलवाड़ा। धारा 126-170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार।

प्रकरण में वांछित आरोपी भी गिरफ्तार

इधर, बड़लियास थाना पुलिस ने प्रकरण संख्या 250/2026 में वांछित आरोपी रघुनाथ पुत्र अर्जुन लाल गुर्जर, उम्र 21 वर्ष, निवासी रघुनाथपुरा, थाना बड़लियास, जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है।

भाजपा का लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान के तहत सात विशेष टीमों की घोषणा की

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा 30 अक्टूबर लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान के तहत भाजपा जिला संगठन ने सात विशेष टीमों की घोषणा की है भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों के लिए लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान के तहत जिला स्तरीय अभियान टोली का गठन किया गया जिसके तहत 47 सदस्यों की टीम गठित की गई भाजपा जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी ने बताया कि जिला स्तरीय अभियान टोली में जिला संयोजक उदयलाल भडाना विधायक मान्डल,प्रहलाद त्रिपाठी जिला महामंत्री, अनिल दाधीच पूर्व जिला महामंत्री, जिला सहसंयोजक बाबूलाल आचार्य ,भरत सिंह पड़ासोली, शंकर जाट हरनी पार्षद प्रेस कॉन्फ्रेंस अभियान पहली टीम में महावीर समदानी जिला मीडिया संयोजक, शशांक बिरला मनोज बुलानी जिला प्रवक्ता, दूसरी टीम लोकतंत्र बचाओ अराजता हटाओ पदयात्रा जसवंत कवर महापौर नगर निगम ,राधेश्याम सोमानी उप महापौर,नगर निगम, कल्पेश चौधरी, अमर सिंह चौहान जिला उपाध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह मोटरास जिला मंत्री, रामलाल चौधरी जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, यशोवर्धन सेन जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, रेखा पुरी पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, लोकेंद्र सिंह महामंत्री किसान मोर्चा ,सीमा जांगिड़, तीसरी टीम राष्ट्रीय चिंतन संवाद बौद्धिक संवाद मै प्रहलाद त्रिपाठी ,ललित अग्रवाल ,रोशन मेघवंशी, हरीश भट्ट ,अजय नौलखा जिला आईटी संयोजक, मोहिनी माली पार्षद को सम्मिलित किया, चौथी टीम में लोकतंत्र बनाम अराजकता- युवा संवाद में कुलदीप शर्मा जिला उपाध्यक्ष, पियूष सोनी, प्रतीक सिंह, जगदीश गुर्जर, राधेश्याम जाट, सिद्धार्थ पाराशर , पांचवी टीम में लोकतंत्र बनाम अराजकता- छात्रों की प्रति स्पर्धा के लिए विशाल गुरुजी जिला उपाध्यक्ष भाजपा, ज्योति आशीर्वाद, लव कुमार जोशी, पंकज प्रजापत, रौनक हिंगड़, कुलदीप शर्मा, छट्ठी टीम में घुसपेठिया हटाओ लोकतंत्र बचाओ के लिए गोपाल तेली, आरती कोगटा, रवि पुरी गोस्वामी, शंभू वैष्णव, शुभम शर्मा, मंगल सिंह पुरावत एवं सातवीं टीम में विशेषांक पत्रिकाए के लिए अभीश्रुता सोलंकी जिला प्रवक्ता, रागिनी गुप्ता,महेंद्र नायक, आकाश मालावत जिला सोशल मीडिया को सम्मिलित किया गया है

12 लाख का बैग लौटाकर पेश की ईमानदारी की मिसाल, चायवाले हरीश का समाज ने किया सम्मान

न लालच, न बेईमानी... 12 लाख रुपये मिले तो मालिक को लौटाए, समाज ने शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

स्मार्ट हलचल/महेन्द्र नागौरी

भीलवाड़ा जहां लाखों रुपये देखकर नीयत डोल जाती है, वहां चाय की होटल चलाने वाले हरीश कुमार मोतियानी ने ईमानदारी की ऐसी मिसाल पेश की कि समाज भी सलाम करने को मजबूर हो गया। लावारिस मिले 12 लाख रुपये से भरे बैग को उन्होंने बिना लालच असली मालिक तक पहुंचा दिया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती रश्मि आर्य ने उपकारागृह शाहपुरा का किया निरीक्षण

स्मार्ट हलचल

शाहपुरा (भीलवाड़ा)- शाहपुरा। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,भीलवाड़ा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रश्मि आर्य द्वारा उपकारागृह शाहपुरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आर्य ने उपकारागृह में निरुद्ध बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बिजली, पेयजल, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जेल प्रशासन से जानकारी प्राप्त की। साथ ही बंदियों से व्यक्तिगत संवाद कर उनकी समस्याओं, न्यायालय में लंबित प्रकरणों की स्थिति एवं चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। आर्य ने बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पात्र बंदी अपने प्रकरणों की पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने जिन बंदियों के पास अधिवक्ता उपलब्ध नहीं हैं, उनके विधिक सहायता आवेदन करवाकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों को नियमानुसार सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जेल परिसर में स्वच्छता एवं पेयजल सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं सुचारू रखी जाएं। निरीक्षण के दौरान उपकारागृह शाहपुरा के जेलर किशन लाल मीणा, निजी सहायक दीपक अग्रवाल, तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा के सचिव शिवराज धाकड़ एवं पैरालीगल वॉलंटियर रीना देवी उपस्थित रहे।

दीपावली से पहले खाद्य विभाग का बड़ा एक्शन, 9,210 किलो चावल-बेसन सीज

चावल में मिली इल्लियां, चूहों ने कुतरे हुए थे कट्टे; 30 किलो चावल मौके पर करवाया नष्ट

स्मार्ट हलचल । अनिल खींची

ब्यावर। दीपावली के त्योहार पर मिलावटखोरी और अस्वच्छ खाद्य सामग्री की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने जिले में कार्रवाई तेज कर दी है। 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा दल ने गुरुवार को तीन प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान खाद्य सामग्री में गंभीर खामियां सामने आने पर करीब 9,210 किलो चावल और बेसन सीज किया गया, जबकि 30 किलो चावल मौके पर ही नष्ट करवाया गया। जिला कलेक्टर कमल राम मीणा के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा दल ने कुंदन एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज, गंगाराम एंड कंपनी तथा धनलक्ष्मी फ्लोर मिल्स का निरीक्षण किया। इस दौरान कुंदन एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज से सरसों और मूंगफली तेल के नमूने लिए गए, वहीं अन्य प्रतिष्ठानों से बेसन और चावल के नमूने संग्रहित किए गए। निरीक्षण में चावल और बेसन में इल्लियां मिलीं। चूहों द्वारा चावल के कट्टे कुतरे हुए पाए गए। इसके अलावा खाद्य सामग्री बिना नाम, लेबल और आवश्यक पैकिंग विवरण के रखी मिली। विभागीय टीम ने कार्रवाई करते हुए 7,800 किलो चावल और 1,410 किलो बेसन सीज कर दिया। मौके पर 30 किलो चावल नष्ट करवाया गया तथा संबंधित प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी कर नियमानुसार पाबंद किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नारायण सिंह एवं दशरथ सिंह की टीम ने कार्रवाई के दौरान खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए अजमेर प्रयोगशाला भेजे हैं। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. संजय गहलोत ने आमजन से अपील की कि दीपावली पर खाद्य सामग्री खरीदते समय निर्माण तिथि, एक्सपायरी डेट, निर्माता का पूरा विवरण और मिठाइयों के निर्माण की तारीख अवश्य जांचें। उन्होंने बताया कि त्योहार के मद्देनजर जिले में सघन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि आमजन को शुद्ध, स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

130 जैन बहनों में धर्मज्ञान की टक्कर, 32 टीमों ने दिखाया दमखम

आचार्य नानेश की पुण्यतिथि व आचार्य रामेश के पदारोहण दिवस पर आयंबिल दिवस, प्रश्न मंच में विजेता हुए सम्मानित

स्मार्ट हलचल/महेन्द्र नागौरी

भीलवाड़ा प्राज्ञभवन में आचार्य भगवंत 1008 श्री नानालाल जी म.सा. की पुण्यतिथि एवं आचार्य श्री रामेश के पदारोहण दिवस पर आयंबिल दिवस मनाया गया। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक समिति व शहर महिला मंडल के सान्निध्य में आयोजित प्रश्न मंच में 130 जैन बहनों ने 32 टीमों में धर्मज्ञान का दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में सेजल डांगी, पल्लवी जैन, मुस्कान पीपाड़ा व पायल तातेड़ की टीम प्रथम, रेखा पानगढ़िया, ज्योति खारीवाल, अभिलाषा पानगढ़िया व रेखा नानेचा की टीम द्वितीय तथा अंकिता बागमार, मीना बागमार व दीपिका कोठारी की टीम तृतीय रही। साध्वी श्री चंचल कंवर जी म.सा. सहित साध्वीवृंद के सान्निध्य में हुए आयोजन में निर्णायक लीला कोठारी, पुष्पा गोखरू व प्रमिला सूर्या मौजूद रहीं। श्रावक संघ पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया।

संजय कुमार धोबी ने ग्राम पंचायत मेंजा में पदभार ग्रहण किया

ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार सोनी रहे मौजूद...

स्मार्ट हलचल

गुरला -ग्राम पंचायत मेंजा में नवनियुक्त संजय कुमार धोबी ने विधिवत रूप से अपने पद का पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण समारोह ग्राम पंचायत कार्यालय मेंजा परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार सोनी विशेष रूप से मौजूद रहे। समारोह में वीडीओ विनोद कुमार सोनी की उपस्थिति में संजय कुमार धोबी ने पदभार ग्रहण की औपचारिक प्रक्रिया पूरी की ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार सोनी ने उन्हें पदभार की रस्म पूरी करवाई और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पंचायत के वार्ड पंचों, कर्मचारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने संजय कुमार धोबी का माला पहनाकर, साफा बंधवाकर और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार सोनी ने भी उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। पदभार ग्रहण के दौरान संजय कुमार धोबी ने कहा कि ग्राम पंचायत मेंजा के सर्वांगीण विकास को गति देना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि मैं इस पद को सेवा का माध्यम मानता हूँ, अधिकार का नहीं। राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना ही उनका लक्ष्य रहेगा। वहीं ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार सोनी ने कहा कि ग्राम पंचायत मेंजा में विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना सहित सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। उन्होंने संजय कुमार धोबी को आश्वस्त किया कि पंचायत के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि संजय कुमार धोबी एक युवा, कर्मठ और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं। वीडीओ विनोद कुमार सोनी जैसे अनुभवी अधिकारी के मार्गदर्शन में मेंजा पंचायत विकास के नए आयाम स्थापित करेंगी। पदभार के बाद संजय कुमार धोबी ने वीडीओ विनोद कुमार सोनी के साथ पंचायत कार्यालय के सभी विभागों का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें और ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें। कार्यक्रम के अंत में संजय कुमार धोबी ने ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार सोनी सहित सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया और मेंजा को आदर्श, स्वच्छ और मॉडल पंचायत बनाने का संकल्प दोहराया। इस दौरान बड़ी संख्या में वार्ड पंच, महिला समूह, युवा मंडल और वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे। सभी ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

संभागीय आयुक्त और अजमेर आईजी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

तीनों बूथों का लिया जायजा, शांतिपूर्ण मतदान एवं मतगणना सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

स्मार्ट हलचल

अरवड़ - ग्राम पंचायत अरवड़ में शुक्रवार को मतदान प्रक्रिया के दौरान अजमेर संभागीय आयुक्त शक्तिसिंह राठौड़ एवं अजमेर रेंज आईजी डॉ. रवि ने नई अरवड़ स्थित राजकीय विद्यालय परिसर में बनाए गए तीनों मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथ संख्या 50, 51 एवं 52 पर पहुंचकर मतदान व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मतदान प्रक्रिया की जानकारी अधिकारियों से ली। इस दौरान संभागीय आयुक्त एवं आईजी ने अधिकारियों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान संपन्न होने के बाद मतगणना की व्यवस्थाओं को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा राजेश आर्य, डीवाईएसपी रेवड़मल मौर्य, फूलियाकलां उपखंड अधिकारी बनवारी लाल बैरवा सहित प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

युवा जोश, बुजुर्गों का जज्बा और दिव्यांगों का हौसला 79.25' मतदान से गांवों में लोकतंत्र का उत्सव

दूसरे चरण में 7 पंचायत समितियों की 185 ग्राम पंचायतों में मतदान संपन्न, 4.35 लाख मतदाताओं ने डाले वोट; पहली बार मतदान करने वाले युवाओं से लेकर बुजुर्गों और दिव्यांगों तक में दिखा उत्साह

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा / कहीं पहली बार वोट डालने की खुशी, कहीं उम्र के आखिरी पड़ाव में भी लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी का जज्बा और कहीं शारीरिक चुनौतियों को पीछे छोड़ मतदान केंद्र तक पहुंचने का हौसला... पंचायत राज आम चुनाव-2026 के दूसरे चरण में शुक्रवार को गांवों में लोकतंत्र का ऐसा ही उत्सवी रंग देखने को मिला। युवा, बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। जिले में शाम 6 बजे मतदान समाप्ति तक 79.25 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। कुल 5 लाख 49 हजार 646 मतदाताओं में से 4 लाख 35 हजार 580 ने वोट डालकर गांवों की सरकार चुनने में भागीदारी निभाई।

पहली बार वोट डालने वालों में दिखा जोश

सुबह 7 बजे मतदान शुरू होते ही कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की आवाजाही शुरू हो गई। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में खासा उत्साह नजर आया। वहीं बुजुर्ग मतदाता भी लोकतंत्र के इस पर्व में पीछे नहीं रहे। दिव्यांग मतदाताओं ने भी अपनी चुनौतियों को दरकिनार कर मतदान केंद्रों तक पहुंचकर वोट डाले। कई स्थानों पर परिजनों और सहयोगियों ने बुजुर्गों एवं दिव्यांगों को मतदान में सहयोग किया।

आसींद और फूलियाकलां में 82 प्रतिशत से अधिक मतदान

दूसरे चरण में आसींद, हुरड़ा, फूलियाकलां, रायपुर, सहाड़ा, शाहपुरा और शंभूगढ़ पंचायत समितियों में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान हुआ। मतदान प्रतिशत में आसींद 82.95 प्रतिशत के साथ आगे रहा। फूलियाकलां में 82.93 प्रतिशत और शाहपुरा में 82.90 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं रायपुर में सबसे कम 72.82 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

पंचायत समिति वार मतदान प्रतिशत

आसींद – 82.95 प्रतिशत
फूलियाकलां – 82.93 प्रतिशत
शाहपुरा – 82.90 प्रतिशत
हुरड़ा – 80.34 प्रतिशत
शंभूगढ़ – 79.41 प्रतिशत
सहाड़ा – 75.53 प्रतिशत
रायपुर – 72.82 प्रतिशत

शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि जिले में दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। मतदान प्रक्रिया सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चली।

अब प्रत्याशियों को परिणाम का इंतजार

मतदान संपन्न होने के साथ ही सरपंच और वार्ड पंच पदों के प्रत्याशियों की निगाहें परिणाम पर टिक गई हैं। गांवों में किसके सिर जीत का ताज सजेगा और किसे हार का सामना करना पड़ेगा, इसका फैसला मतगणना के बाद होगा। फिलहाल 79.25 प्रतिशत मतदान ने ग्रामीण क्षेत्रों में लोकतांत्रिक भागीदारी की तस्वीर पेश की है।

सुबह 6 बजे मैदान में उतरे निगम आयुक्त यादव, घास विक्रेता को कांटा-बांट हटाने की हिदायत

प्राइवेट बस स्टैंड पर सफाई व्यवस्था का लिया जायजा, खुले में पशु छोड़ने वालों को चेतावनी....

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा / शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम आयुक्त कमल सिंह यादव गुरुवार सुबह 6 बजे ही मैदान में उतर गए। प्राइवेट बस स्टैंड परिसर पहुंचकर उन्होंने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और कचरा स्टैंड का निरीक्षण किया। इस दौरान घास विक्रेता को कांटा-बांट हटाने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कचरा स्टैंड को हटाने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय निर्दलीय पार्षद उदय लाल माली भी मौके पर मौजूद रहे। आयुक्त यादव ने निगमकर्मियों और होमगार्ड जवानों की मौजूदगी में क्षेत्र की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए स्वच्छता बनाए रखने और आमजन को होने वाली परेशानियों को दूर करने के निर्देश दिए।

खाली भूखंड, ठेले और केबिन बने परेशानी

शहरवासियों ने आयुक्त के सामने खाली भूखंडों में कचरा जमा होने तथा सड़कों के किनारे स्थायी रूप से लगे ठेले और केबिनों की समस्या उठाई। लोगों का कहना था कि इनसे आवागमन बाधित होता है और सफाईकर्मियों को भी सफाई करने में परेशानी आती है। ठेले और केबिन व्यवस्थित जगह पर लगाए जाएं, ताकि शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर हो सके।

खुले में पशु छोड़े तो होगी कार्रवाईः- आयुक्त यादव ने पशुपालकों को भी सख्त हिदायत देते हुए कहा कि पालतू पशुओं को खुले में नहीं छोड़ें। ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शहरवासियों से भी भीलवाड़ा को स्वच्छ और सुंदर बनाने में नगर निगम का सहयोग करने की अपील की।

जनता बोली- शहर को स्वच्छ बनाने में देंगे साथ

आयुक्त के सुबह-सुबह निरीक्षण की शहरवासियों ने सराहना की। लोगों ने कहा कि भीलवाड़ा को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए वे निगम प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे। अब लोगों की उम्मीद है कि निरीक्षण के दौरान सामने आई समस्याओं पर प्रभावी कार्रवाई होगी और शहर की सफाई व्यवस्था में स्थायी सुधार आएगा।

आज से बंद होगा आभा PHR ऐप,आरोग्य सेतु 2.0 से उपलब्ध होगी आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ सेवायें

स्मार्ट हलचल

राजसमंद। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के निर्देशानुसार आभा पर्सनल हेल्थ रिकॉर्ड मोबाइल ऐप आज से बंद हो जायेगा। इसके स्थान पर 1 नवम्बर से नागरिक आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत उपलब्ध डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ आरोग्य सेतु 2.0 मोबाईल ऐप के माध्यम से ले सकेंगे। यह जानकारी सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने दी। उन्होंने बताया कि नागरिक अपने मोबाईल फोन में उपलब्ध आभा ऐप को अपडेट करें तथा ऐप में प्रदर्शित आरोग्य सेतु 2.0 विकल्प का उपयोग करके आरोग्य सेतु 2.0 ऐप इंस्टॉल करें अथवा खोले। नागरिक अपने वर्तमान मोबाइल नम्बर, आधार नम्बर, आभा नम्बर अथवा आभा एड्रेस का उपयोग करके उपलब्ध प्रमाणीकरण विकल्पो के माध्यम से आरोग्य सेतु 2.0 ऐप में लॉग - इन कर सकेंगे। जिन नागरिको के पास पहले से आभा नम्बर है, उन्हे नया आभा नम्बर बनवाने की आवश्यकता नही है, वे मौजुदा विवरणों से लॉग - इन करके अपनी आभा प्रोफाइल तथा आभा एड्रेस से लिंक स्वास्थ्य रिकॉर्ड उपलब्धता अनुसार देख सकेंगे।

आरोग्य सेतु से नागरिको को मिलेगी कुछ इस तरह की सेवायें

डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड की सुविधा

नागरिक अपने आभा नम्बर से लिंक सभी उपलब्ध स्वास्थ्य रिकॉर्ड देख सकते है। आवश्यकता पड़ने पर अपनी सहमति से इन रिकॉर्ड को सम्बन्धित चिकित्सक अथवा अधिकृत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के साथ सांझा भी कर सकते है। जिससे स्वास्थ्य सेवा प्रदाता मेडिकल हिस्ट्री देखकर आगे की आवश्यक सलाह दे सके।

स्मार्ट हेल्थ डेशबोर्ड एवं फिटनेस ट्रेकिंग

नागरिक अपना स्मार्ट हैल्थ डेशबोर्ड बना सकते है तथा कदमो की संख्या, तय की गई दूरी और कैलोरी की खपत जैसे फिटनेस सम्बधी मापदण्डो को ट्रेक कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त , अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड अपलोड करके एआई आधारित स्मार्ट हेल्थ रिपोर्ट भी देख सकते है।

नजदीकी स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे

आरोग्य सेतु 2.0 के माध्यम से नागरिक अपने नजदीकी जनऔषधी केन्द्रो, ब्लड बैंक तथा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत सूचीबद्ध अस्पतालो की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

स्वास्थ्य सेवाओं तक सुविधाजनक पहुंच

इस ऐप के माध्यम से उपलब्धता के अनुसार एम्बूलेंस सेवाओं तथा प्रत्यक्ष चिकित्सकीय परामर्श की बुकिंग की जा सकती है। नागरिक अपने दवाइयों के समय पर सेवन के लिए मेडिसिन रिमाइंडर भी सेट कर सकते है।

आभा एवं स्वास्थ्य रिकॉर्ड सम्बन्धी सेवायें

आरोग्य सेतु 2.0 के माध्यम से आभा निर्माण एवं लॉग - इन, स्केन एंड रजिस्टर, स्वास्थ्य रिकॉर्ड लिंक करने तथा उन्हें देखने जैसी सुविधाओं का लाभ लिया जा सकता है।

सीएमएचओ ने बताया कि सभी राजकीय एवं प्राईवेट चिकित्सा संस्थानो को निर्देशित किया गया है कि वे अपने यहां ओपीडी में वाले मरीजो एवं उनके परिजनो को आरोग्य सेतु 2.0 के बारे में जानकारी प्रदान करे तथा इसके लिये उपयोग के लिये प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि नागरिक डिजिटल हेल्थ सुविधा का लाभ लेने के लिये जल्दी ही आरोग्य सेतु 2.0 को अपने मोबाईल फोन पर इन्स्टॉल कर लेवे।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने-सुधरवाने का मौका, 12 नवंबर को खुलेगी दावों-आपत्तियों की खिड़की

11 दिसंबर तक कर सकेंगे दावा-आपत्ति, 4 जनवरी को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची

स्मार्ट हलचल/महेन्द्र नागौरी

भीलवाड़ा मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और त्रुटियां सुधारने की तैयारी कर लें। निर्वाचन विभाग ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का पूरा शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके तहत 12 नवंबर को मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशित होगा और 11 दिसंबर तक दावे व आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार मतदान केंद्रों का पुनर्गठन एवं सुव्यवस्थितकरण 2 नवंबर तक किया जाएगा। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर तक होगा। इसके बाद 4 जनवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

ये हैं प्रमुख तारीखें

2 नवंबर : मतदान केंद्रों का पुनर्गठन।
12 नवंबर : प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन।
12 नवंबर से 11 दिसंबर : दावे-आपत्तियां।
28 दिसंबर : दावे-आपत्तियों का निस्तारण।
4 जनवरी : अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन।

विधायक आक्या ने की विभिन्न वार्डो में भाजपा प्रत्याशीयो के समर्थन में जनसभाएं

ओम जैन /स्मार्ट हलचल

शंभूपुरा। चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने शुक्रवार को पंचायत समिति चित्तौडगढ़ क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो का सघन दौरा कर जिला परिषद वार्ड 18 से भाजपा प्रत्याशी मदनलाल रेगर व पंचायत समिति चित्तौडगढ़ के विभिन्न वार्डो में भाजपा प्रत्याशीयो के समर्थन में जनसभाएं की। सभी गांवो में विधायक आक्या का ग्रामीणो द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणो को संबोधित करते हुए विधायक आक्या ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार द्वारा प्रदेश में ऐतिहासिक विकास के कार्य कराए जा रहे है। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुचाया जा रहा है। प्रत्येक गांव तक शिक्षा व स्वास्थ्य की उपलब्धता सुनश्चित की जा रही है। बेरोजगारो को रोजगार उपलब्ध कराने व स्वयं का व्यवसाय आरम्भ करने हेतु युवाओ को प्रोत्साहित किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांवो में पर्याप्त विकास के कार्य कराये जा रहे है। उन्होनें ग्रामवासियों से भाजपा प्रत्याशीयो के पक्ष में भारी संख्या में मतदान कर विजय बनाने का अनुरोध किया। अपने दोरे के दौरान विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने जिला परिषद वार्ड नम्बर 18 से भाजपा प्रत्याशी मदनलाल रेगर, पंचायत समिति वार्ड नम्बर 18 एराल व नेतावल गढ़पाछली से भाजपा प्रत्याशी रतनलाल कुमावत, वार्ड नम्बर 5 कश्मोर व पाण्डोली से भाजपा प्रत्याशी श्यामलाल, वार्ड नम्बर 26 बस्सी से भाजपा प्रत्याशी नीतू कंवर, वार्ड नम्बर 17 घटियावली से भाजपा प्रत्याशी भंवरसिंह खरडीबावडी, वार्ड नम्बर 16 ठिकरीया व गिलुण्ड से भाजपा प्रत्याशी छाली बाई डांगी व वार्ड नम्बर 13 सावा से भाजपा प्रत्याशी बसंती देवी के समर्थन में जनसभाएं की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

शादी का झांसा देकर नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर भाग ले गया युवक मुकदमा दर्ज

स्मार्ट हलचल

खखरेरू /फतेहपुर क्षेत्र के एक गांव से शादी का झांसा देकर एक युवक के द्वारा नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली रीता देवी पत्नी रामा ने पुलिस को तहरीर में बताया कि वह सुबह करीब 8:00 बजे खेत में काम करने गई थी उसे वक्त उसकी 16 वर्षीय पुत्री घर में अकेली थी आरोप है कि इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर ग्राम रतिराम का पुरवा थाना हथगांव निवासी सुमित 20 वर्ष पुत्र सुरेश पासवान उनके घर में घुस आया और वह पुत्री को शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर अपने साथ भाग ले गया। खेत से लौट के बाद जब बेटी घर में नहीं मिली तो मां ने खोज बीन शुरू की काफी तलाश के बाद जब कुछ पता नहीं चला तब परिजनों को युवक के करतूत के विषय में पता चला पीडिता की मां ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है और युवक की तलाश शुरू कर दी गई है।

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के नारे के साथ आज सड़कों पर उतरेगी भाजपा, निकलेगी विशाल पदयात्रा

सुभाष चौक से दोपहर 3 बजे होगा आगाज, कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता होंगे शामिल

स्मार्ट हलचल । अनिल खींची

ब्यावर। भारतीय जनता पार्टी की ओर से शनिवार को 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत ब्यावर में विशाल पदयात्रा रैली निकाली जाएगी। भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आयोजित इस पदयात्रा को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। रैली दोपहर 3 बजे सुभाष चौक से प्रारंभ होकर अजमेरी गेट, एकता सर्किल और लोहारा चौपड़ होते हुए गांधी सर्किल चौक पहुंचेगी। पदयात्रा रैली के मीडिया प्रभारी मुकेश गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष सांड़, कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, विधायक शंकर सिंह रावत, विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत तथा नगर परिषद सभापति पुष्पा बल्दवा सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। कार्यक्रम संयोजक पूर्व सभापति नरेश कनोजिया, उपसभापति दीक्षांत हरचंदानी, सह-संयोजक संजीव भटेवड़ा एवं बद्री सामरिया सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पदयात्रा में भाग लेंगे। भाजपा ने आमजन एवं कार्यकर्ताओं से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर पदयात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया है।

गंगापुर विशाल मेले में गोकुल शर्मा को सुनने उमड़ा जनसैलाब

भजनों पर देर रात तक झूमते रहे श्रद्धालु, नगर पालिका की व्यवस्थाओं की हुई सराहना

स्मार्ट हलचल

गंगापुर। नगर पालिका गंगापुर द्वारा आयोजित विशाल मेले में गुरुवार रात्रि को आयोजित भव्य भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक कलाकार गोकुल शर्मा एवं रतन राव ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि पूरा मेला परिसर भक्तिमय हो गया। सांवरिया सेठ के भजनों के लिए प्रसिद्ध गोकुल शर्मा को सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं संगीत प्रेमी मेले में पहुंचे। देखते ही देखते पंडाल श्रोताओं से खचाखच भर गया और भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। विशाल मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में करवा चौथ के पावन अवसर पर आयोजित विशाल भजन संध्या विशेष आकर्षण का केंद्र रही। महिलाओं के करवा चौथ व्रत होने के बावजूद बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष कार्यक्रम में शामिल हुए। गोकुल शर्मा ने सांवरिया सेठ एवं भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से ओत-प्रोत भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। वहीं रतन राव ने भी अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया। भजन संध्या के दौरान जैसे ही लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति शुरू हुई, पूरा पंडाल तालियों और जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु भजनों पर झूमते और नृत्य करते नजर आए। देर रात तक कार्यक्रम स्थल पर दर्शकों की भारी भीड़ बनी रही। मेले में उमड़ी भीड़ को देखते हुए नगर पालिका की ओर से की गई व्यवस्थाएं भी चर्चा का विषय रहीं। उपस्थित लोगों ने मेले में की गई साफ-सफाई, रोशनी, बैठने की व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा अन्य व्यवस्थाओं की खुलकर सराहना की। लोगों ने कहा कि विशाल मेले में इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से शहरवासियों को मनोरंजन के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक जुड़ाव का अवसर भी मिल रहा है। गुरुवार रात आयोजित भजन संध्या ने विशाल मेले की रौनक को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहरवासियों के साथ आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया। देर रात तक पूरा मेला परिसर भक्ति, संगीत और उत्साह से सराबोर रहा।

भीलवाड़ा में नगर निगम का अलसुबह बड़ा एक्शन: शास्त्रीनगर सिंधुनगर में 4 कॉम्प्लेक्स सीज, बैंक पर भी जड़ा ताला...

स्मार्ट हलचल/महेन्द्र नागौरी

भीलवाड़ा शहर में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने शुक्रवार सुबह बड़ा एक्शन लेते हुए चार बड़े व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स सीज कर दिए। शास्त्रीनगर और सिंधुनगर में अलसुबह पहुंची निगम की अतिक्रमण शाखा की टीम ने एक के बाद एक कार्रवाई करते हुए कॉम्प्लेक्सों के मुख्य द्वार पर ताले जड़ दिए। सीज किए गए परिसरों में एक बैंक का संचालन भी हो रहा था। नगर निगम आयुक्त कमल सिंह यादव के निर्देश पर हुई इस अचानक कार्रवाई से व्यावसायिक क्षेत्रों में हड़कंप मच गया। निगम की टीम ने सिंधुनगर में स्टाइल वर्ल्ड नाम से संचालित कॉम्प्लेक्स को सीज किया। इसके बाद टीम शास्त्रीनगर पहुंची, जहां चौथे बड़े कॉम्प्लेक्स पर भी कार्रवाई करते हुए उसे सीज कर दिया।

बैंक संचालन के बावजूद कार्रवाई

कार्रवाई की खास बात यह रही कि सीज किए गए कॉम्प्लेक्सों में से एक में बैंक भी संचालित हो रहा था। निगम की टीम ने नियमों के उल्लंघन के मामले में बैंक संचालित परिसर को भी सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान परिसरों के मुख्य द्वारों पर ताले लगाकर नोटिस चस्पा किए गए।

अलसुबह पहुंची टीम, कारोबारियों में मचा हड़कंप

बिना पूर्व हलचल के सुबह-सुबह पहुंची निगम की टीम ने चार परिसरों को सीज कर स्पष्ट संदेश दिया कि अवैध निर्माण और अतिक्रमण के मामलों में कार्रवाई जारी रहेगी। निगम की इस कार्रवाई के बाद शहर के अन्य व्यावसायिक इलाकों में भी हलचल तेज हो गई है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार अवैध निर्माण और नियम विरुद्ध गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

दिवाली पर सोना-चांदी खरीदने वाले उपभोक्ताओं को मिलेगी सही तौल, नए नियम लागू...

29 अक्टूबर 2026 से सोना-चांदी के व्यापार में निर्धारित मानकों वाले सटीक कांटों का उपयोग अनिवार्य

स्मार्ट हलचल

उदयपुर। दिवाली के त्योहार पर बड़ी संख्या में लोग सोना-चांदी खरीदते हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को खरीदी गई बहुमूल्य धातु की सही मात्रा मिले और तौल में किसी प्रकार की गड़बड़ी से उन्हें आर्थिक नुकसान न हो, इसके लिए उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राजस्थान विधिक मापविज्ञान (प्रवर्तन) (द्वितीय संशोधन) नियम, 2026 अधिसूचित किए हैं। ये नियम 29 अक्टूबर 2026 से लागू हो गए हैं। संशोधित नियमों के अनुसार, सोना, चांदी एवं अन्य बहुमूल्य धातुओं की खरीद-बिक्री में क्लास-। (विशेष सटीकता) या क्लास- ।। (उच्च सटीकता) श्रेणी के ऐसे कांटों का उपयोग अनिवार्य होगा, जिनका सत्यापन अंतराल 1 मिलीग्राम या उससे कम हो। सरल शब्दों में, व्यापारियों को ऐसे निर्धारित मानकों वाले कांटों का उपयोग करना होगा, जो अत्यंत कम मात्रा में भी तौल की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त हों।

स्वर्णकारों एवं सर्राफा व्यापारियों के लिए जरूरी निर्देश

उपभोक्ता मामले विभाग ने सभी स्वर्णकारों, सर्राफा व्यापारियों और बहुमूल्य धातुओं का कारोबार करने वाले प्रतिष्ठानों से निर्धारित मानकों वाले कांटों का उपयोग करने, सोना, चांदी एवं अन्य बहुमूल्य धातुओं की तौल के लिए निर्धारित क्लास-। या क्लास-।। श्रेणी के कांटों का ही उपयोग, सटीकता सुनिश्चित करने, कांटे का सत्यापन अंतराल 1 मिलीग्राम या उससे कम सुनिश्चित करने की अपील की है। इसके अलावा वैध सत्यापन प्रमाण-पत्र रखने, व्यापार में प्रयुक्त कांटों का नियमानुसार सत्यापन कराने और उनका सत्यापन प्रमाण-पत्र वैध रखने, वर्तमान में उपयोग किया जा रहे कांटे निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने की अपील की है।

उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा सर्वोपरि

उपभोक्ता मामले मंत्री श्री सुमित गोदारा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य दिवाली सहित पूरे वर्ष सोना-चांदी की खरीद-बिक्री में सही तौल और पारदर्शिता सुनिश्चित करना तथा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना है। विभाग ने सभी संबंधित व्यापारियों से नए प्रावधानों का पालन करने की अपील की है, ताकि उपभोक्ताओं को उनके भुगतान के अनुरूप बहुमूल्य धातु की सही मात्रा प्राप्त हो। उपभोक्ताओं से अपील है कि दिवाली पर सोना-चांदी खरीदते समय तौल पर ध्यान दें और किसी भी प्रकार की अनियमितता होने पर शिकायत दर्ज कराएं। इसके लिए राजस्थान उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर 14435 पर संपर्क किया जा सकता है।

सरदार पटेल की जयंती पर भीलवाड़ा में दौड़ेगा शहर, 31 अक्टूबर को निकलेगी 'रन फॉर यूनिटी'

सुबह 8 बजे कलेक्ट्रेट से सांसद दामोदर अग्रवाल दिखाएंगे हरी झंडी, पुलिस लाइन में होगा समापन; युवाओं सहित आमजन जुटेंगे एकता की दौड़ में

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर 31 अक्टूबर को भीलवाड़ा में एकता का संदेश लेकर शहर दौड़ेगा। राज्य सरकार के निर्देश पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' में युवाओं सहित बड़ी संख्या में नागरिक भाग लेंगे। दौड़ सुबह 8 बजे जिला कलेक्ट्रेट से शुरू होगी। सांसद दामोदर अग्रवाल हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करेंगे। निर्धारित मार्ग से गुजरती हुई रैली पुलिस लाइन पहुंचेगी, जहां इसका समापन होगा। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने आयोजन की जिम्मेदारी जिला परिषद सीईओ चन्द्रभान सिंह भाटी को नोडल अधिकारी तथा जिला खेल अधिकारी हेमेन्द्र सिंह राणावत को सहायक नोडल अधिकारी के रूप में सौंपी है। संबंधित विभागों को व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

त्योहारी बाजार में मिलावटखोरों पर वार! खाद्य विभाग ने कोल्ड स्टोरेज से 15 क्विंटल मसाले पकड़े

दीपावली से पहले स्टरलाइट एग्रो लिमिटेड पर छापा, धनिया और लाल मिर्च पाउडर सीज; नमूनों की रिपोर्ट से खुलेगी गुणवत्ता की पोल

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा दीपावली के त्योहार पर कहीं मिलावट का जहर लोगों की थाली तक न पहुंचे, इसे लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को चित्तौड़ रोड स्थित स्टरलाइट एग्रो लिमिटेड कोल्ड स्टोरेज पर विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए करीब 15 क्विंटल साबुत धनिया और लाल मिर्च पाउडर सीज कर दिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से खाद्य कारोबारियों में खलबली मच गई। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण किया। इस दौरान 1500 किलोग्राम धनिया एवं लाल मिर्च पाउडर को सीज किया गया। टीम ने लाल मिर्च पाउडर का नॉन एक्ट के तहत तथा साबुत धनिया का एक्ट के तहत नमूना लिया। दोनों खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला अजमेर भेजे गए हैं। अब प्रयोगशाला की रिपोर्ट बताएगी कि सीज किए गए मसाले गुणवत्ता के निर्धारित मानकों पर खरे उतरते हैं या नहीं। यदि जांच में खामियां सामने आती हैं तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

त्योहार पर आमजन की सेहत से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि दीपावली को देखते हुए खाद्य पदार्थों की शुद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिले में सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य पदार्थों की जांच और संदिग्ध सामग्री के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार रेगर, शाहरुख हुसैन एवं संजय वर्मा मौजूद रहे।

हुनर से रोजगार तक का सफर, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की अनूठी पहल

भाविप स्वामी विवेकानंद शाखा ने लगाया कौशल प्रशिक्षण शिविर, डिजाइनर बैग और सजावटी उत्पाद बनाने का दिया प्रशिक्षण

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा । महिलाओं को केवल हुनर सिखाना ही नहीं, बल्कि उस हुनर के जरिए उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाकर समाज में नई पहचान दिलाना भी जरूरी है। इसी सोच के साथ भारत विकास परिषद की स्वामी विवेकानंद शाखा ने महिलाओं और युवतियों को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में सराहनीय पहल की। महिला जागरूकता एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ प्रकल्प के तहत शाखा की ओर से तेजस्विनी-समर्थ संस्कार सफलता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रज्वलन एवं हुनर आत्मनिर्भरता विषय पर विशेष कौशल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में महिलाओं को रचनात्मक कलाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर उनके हुनर को रोजगार का माध्यम बनाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कपड़े से आकर्षक चेन वाले बैग तैयार करने तथा उन पर सुंदर पेंटिंग कर डिजाइनर लुक देने की कला सिखाई गई। इसके साथ ही घरों की सजावट को आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न डिजाइनों में मिनिएचर और मिनी फ्लावर पॉट्स बनाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षकों ने प्रत्येक कला की बारीकियों को व्यावहारिक रूप से समझाया, ताकि प्रतिभागी स्वयं इन उत्पादों को तैयार कर सकें। शिविर का उद्देश्य महिलाओं की रचनात्मक क्षमता को निखारने के साथ उन्हें ऐसे कौशल से जोड़ना रहा, जिनका उपयोग वे घर बैठे भी कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं ने पूरे उत्साह और तन्मयता के साथ नई कलाएं सीखीं। तैयार किए जाने वाले उत्पादों की सुंदरता और उपयोगिता ने भी प्रतिभागियों में विशेष रुचि पैदा की। इस तरह शिविर ने महिलाओं को अपनी प्रतिभा पहचानने और उसे आर्थिक गतिविधियों में बदलने का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर महिला संयोजिका ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उन्हें हुनरमंद बनाना समय की आवश्यकता है। ऐसे प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से महिलाएं अपनी रुचि और कौशल को विकसित कर सकती हैं तथा अपने हुनर के बल पर स्वरोजगार की राह चुन सकती हैं। इससे वे न केवल आर्थिक रूप से मजबूत बनेंगी, बल्कि परिवार और समाज में भी अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि तेजस्विनी कार्यक्रम का मूल उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना है। शिविर के सफल एवं प्रेरणादायी आयोजन पर शाखा के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

चार बेटियों की पढ़ाई के लिए आगे आई गणेश उत्सव समिति

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा। आर्थिक संकट से जूझ रही विधवा सुगना माली की चार बेटियों की परीक्षा फीस के लिए श्री गणेश उत्सव प्रबंधन एवं सेवा समिति ने आर्थिक सहायता दी। समिति अध्यक्ष उदयलाल समदानी ने बताया कि सुगना किराए के मकान में बेटियों के साथ रहती हैं। सहायता से बच्चियों की पढ़ाई में बाधा नहीं आएगी। इस दौरान सुभाष गर्ग, लादूलाल माली, घनश्याम दास व कैलाशचन्द्र समदानी मौजूद रहे।

इमैजिका रिसॉर्ट में 1 नवंबर को होगा जेपीएफ का भव्य दीपावली मिलन समारोह...

धार्मिक लाइव म्यूजिकल तंबोला, जेपीएफ यात्रा 2024-2026 और सर्विस चैनल के माध्यम से विशेषज्ञ पैनल वार्ता रहेगी विशेष आकर्षण; जैन समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का होगा सम्मान

स्मार्ट हलचल

चित्तौड़गढ़। जैन प्रोफेशनल फोरम (श्री महावीर जैन मंडल की इकाई), चित्तौड़गढ़ की ओर से दीपावली के पावन पर्व पर भव्य दीपावली मिलन समारोह का आयोजन 1 नवंबर 2026, रविवार को इमैजिका रिसॉर्ट में किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से आयोजित होने वाले इस समारोह में जेपीएफ सदस्यों के बीच आपसी स्नेह, सौहार्द, एकता और सामाजिक समरसता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समारोह के मुख्य अतिथि पंकज ओस्तवाल तथा विशिष्ट अतिथि विजय ओस्तवाल होंगे। श्री महावीर जैन मंडल के अध्यक्ष आदित्येंद्र सेठिया, सचिव अरविंद ढिलीवाल सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में जेपीएफ के प्रवासी सदस्य प्रकल्प मठा, जो मध्य प्रदेश वित्त निगम के सलाहकार भी हैं, विशेषज्ञ पैनल के रूप में उपस्थित रहेंगे।

नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का होगा सम्मान

समारोह का विशेष आकर्षण जैन समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह रहेगा। इसमें नगर परिषद के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष सुदर्शन रामपुरिया तथा पार्षद शांतिलाल मोदी और श्रीमती कलिका नवीन जैन का विशेष अभिनंदन किया जाएगा। समाज के प्रतिनिधियों की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया जाएगा तथा उनके उज्ज्वल कार्यकाल की मंगलकामना की जाएगी।

धार्मिक लाइव म्यूजिकल तंबोला और विशेषज्ञ पैनल वार्ता

आयोजन में जेपीएफ सदस्यों के लिए भव्य धार्मिक लाइव म्यूजिकल तंबोला विशेष आकर्षण रहेगा। इसके साथ ही जेपीएफ यात्रा 2024-2026 के अनुभवों को साझा किया जाएगा। जेपीएफ सर्विस चैनल के माध्यम से विशेषज्ञ पैनल वार्ता भी आयोजित होगी, जिसे चित्तौड़गढ़ के आयोजन में एक विशेष पहल के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है।

तैयारियों को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक

समारोह की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए 29 अक्टूबर को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें कार्यक्रम की रूपरेखा, अतिथियों के स्वागत, आयोजन की व्यवस्थाओं और विभिन्न दायित्वों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मनीष छाजेड़, डॉ. अरविंद सांखला, नरेंद्र पोखरना, नीरव दोषी, तुषार सुराना, भावेश जैन, संदीप सेठिया, रजनीश पितलिया, कपिल नाहर, जितेश रांका, आशा पोखरना, ऋतु पोखरना, तुषिता सांखला, अनु सुराना, अखिल पोखरना, प्रतिभा रांका, श्रेष्ठ सेठिया, हार्दिक मेहता, पुनीत भड़कतिया, डॉ. आभाष भंसाली एवं रित्विका पोखरना उपस्थित रहे।

समन्वयकों को सौंपी आयोजन की जिम्मेदारी

फोरम के वर्ष 2026-2028 के मुख्य समन्वयक एडवोकेट नरेंद्र पोखरना, सीए नीरव दोषी एवं इंजीनियर तुषार सुराना हैं। वहीं वर्ष 2024-2026 के मुख्य समन्वयक डॉ. अरविंद सांखला एवं सीए मनीष छाजेड़ हैं। कार्यक्रम के आयोजन समन्वयक एडवोकेट संदीप सेठिया एवं इंजीनियर भावेश जैन हैं।

समारोह के समापन पर स्नेह भोज का आयोजन भी किया जाएगा।

म मदरसा कादरिया अनवारूल इस्लाम सेवा संस्थान की नवीन कार्यकारिणी घोषित

मोहम्मद फारूक राक्षा की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया निर्णय, हाजी मोहम्मद हुसैन खिलजी बने सरपरस्त*

स्मार्ट हलचल

चित्तौड़गढ़ । मदरसा कादरिया अनवारूल इस्लाम सेवा संस्थान की नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई। संस्थान के सदर मोहम्मद फारूक राक्षा ने पूर्व कार्यकारिणी के स्थान पर नई कार्यकारिणी की घोषणा की। उन्होंने पूर्व कार्यकारिणी पर समाज में भ्रम फैलाने और विकास कार्यों में सहयोग नहीं करने के आरोप लगाए। इससे पूर्व बूंदी रोड स्थित मदरसा कादरिया अनवारूल इस्लाम सेवा संस्थान परिसर में सदर मोहम्मद फारूक राक्षा की अध्यक्षता में गणमान्य सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। इसमें पंचायत नीलगर समाज के सदस्यों ने संस्थान के कार्यों और आगामी गतिविधियों पर चर्चा की। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व कार्यकारिणी को निष्कासित कर नवीन कार्यकारिणी घोषित करने का निर्णय लिया गया। नई कार्यकारिणी में हाजी मोहम्मद हुसैन खिलजी को सरपरस्त, मोहम्मद यूसुफ राक्षा लाला भाई को नायब सदर, बाबू खां रंगरेज को सेक्रेटरी, इकबाल हुसैन खिलजी को सचिव, मुबारिक हुसैन कुरैशी को खजांची, मोहम्मद हनीफ पोस्टमैन को ऑफिस सेक्रेटरी तथा मोहम्मद आसिफ गौरी को प्रवक्ता मनोनीत किया गया। इसी प्रकार हाजी जाकिर हुसैन अगवान, उस्मान गनी राक्षा, मोहम्मद फारूक राक्षा (पंपी भाई) और मोईनुद्दीन गौरी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। बैठक में उपस्थित समाज के सदस्यों ने नवीन कार्यकारिणी के माध्यम से संस्थान के विकास एवं सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने की अपेक्षा जताई।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर-2, जयपुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्मार्ट हलचल

जयपुर। सड़क सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने तथा यातायात नियमों के पालन की महत्ता समझाने के उद्देश्य से आज पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर-2, आर्मी मुख्यालय, झोटवाड़ा, जयपुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दिनेश सिंह, परिवहन निरीक्षक, प्रादेशिक परिवहन कार्यालय (RTO), जयपुर द्वितीय, विद्याधर नगर, ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर रोड सेफ्टी एनजीओ कम्युनिटी फॉर सेफर रोड्स की प्रतिनिधि श्रीमती निशा बग्गा तथा विद्यालय के प्राचार्य श्री प्रदीप कुमार टेलर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को यातायात नियमों, सड़क संकेतकों (Road Signs), सड़क चिह्नांकन (Road Markings), हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, पैदल यात्रियों की सुरक्षा तथा सुरक्षित सड़क व्यवहार के बारे में जानकारी दी गई। दिनेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा केवल यातायात नियमों का पालन करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी है। थोड़ी-सी सावधानी, यातायात नियमों का पालन और अनुशासित व्यवहार बहुमूल्य जीवन को बचा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। विद्यालय प्रशासन एवं आयोजकों ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के इस प्रयास को महत्वपूर्ण पहल बताया

इंदौर का जल संरक्षण अभियान बनेगा राष्ट्रीय प्रकल्प, राजकुमार अग्रवाल ने दी सहमति

भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय सेवा संयोजक ने इंदौर की सेवा गतिविधियों को सराहा

स्मार्ट हलचल

भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संयोजक सेवा गतिविधि श्री राजकुमार अग्रवाल ने सेवा शाखा, इंदौर के जल संरक्षण अभियान से प्रभावित होकर इसे राष्ट्रीय प्रकल्प बनाने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने जल संरक्षण के पोस्टर एवं फ्लेक्स का विमोचन किया। शाखा अध्यक्ष श्री राजकुमार जैन ने अभियान की अवधारणा प्रस्तुत की। विमानतल पर विवेकानंद शाखा के श्री अखिलेश खंडेलवाल ने उनकी अगवानी की। मालवा शाखा द्वारा शारदा कन्या विद्यालय में आयोजित नि:शुल्क एनीमिया जाँच शिविर की श्री अग्रवाल ने अध्यक्षता की। आयोजन में अध्यक्ष उमेश राठी, सचिव शुभम लखोटिया, महिला प्रमुख रजनी पाटनी, महिला उपप्रमुख डिम्पल पाटनी, उपाध्यक्ष सेवा प्रकल्प विश्वास लाहोटी, समन्वयक वैभव माहेश्वरी, प्रभारी प्रवीर बंसल तथा संयोजक मेघा बंसल, श्वेता माहेश्वरी, रीता मंत्री, रानू भंडारी और आरती सोनी का सहयोग रहा। जल संरक्षण अभियान में सेवा शाखा के संरक्षक सी.के. अग्रवाल, परामर्शदाता सतीश पटेल, अध्यक्ष राजकुमार जैन, सचिव पंकज गांधी, कोषाध्यक्ष गुंजन सोमानी, सेवा संयोजक गोविंद गिलड़ा, उपाध्यक्ष अमित भरणी, सहसचिव विशेष सारड़ा, संपर्क संयोजक विवेक शर्मा, संस्कार संयोजक अनुज राठी, पर्यावरण संयोजक प्रफुल्ल मंत्री, महिला सहभागिता प्रमुख नीलिमा सारड़ा तथा कार्यसमिति सदस्य विजय कासट, नवीन गड़करी, चंद्रशेखर पोरवाल, धर्मेंद्र पाटीदार एवं महेंद्र मोहता की सहभागिता रही। श्री अग्रवाल ने सेवा न्यास का अवलोकन कर प्रांतीय एवं शाखा पदाधिकारियों से संवाद किया। सायंकाल तिलक शाखा के सेवा कार्यक्रम की अध्यक्षता की। आयोजन में अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, सचिव सुभाष चंद वर्मा एवं सेवा प्रमुख सुनील कुलकर्णी सक्रिय रहे। संपूर्ण प्रवास में रीजनल अध्यक्ष सुनील कोठारी, राष्ट्रीय सम्पर्क टोली के मनीष बिसानी, राष्ट्रीय सेवा गतिविधि सदस्य रविंद्र सोनी, रीजनल संयुक्त सचिव राजकुमार साबू , रीजनल सेवा संयोजक सुधीर मिश्रा, प्रांत संगठन सचिव अनंत अरझरे, प्रांत कोषाध्यक्ष संजय भाटे, प्रांत सेवा संयोजिका प्रीति शर्मा एवं की सहभागिता रही। इंदौर से प्रारंभ जल संरक्षण की इस पहल को राष्ट्रीय विस्तार की सहमति मिलना प्रवास की प्रमुख उपलब्धि रही।

आईजी कार्यालय परिसर में लगाए 100 पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

बच्चू सिंह वर्मा के नेतृत्व में केनरा बैंक के सहयोग से हुआ पौधारोपण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र कुमार शर्मा ने किया शुभारंभ

स्मार्ट हलचल

भरतपुर- पर्यावरण संरक्षण और शहर को हरित बनाने के उद्देश्य से आईजी कार्यालय परिसर में केनरा बैंक के सहयोग से 100 पौधे लगाए गए। पर्यावरणविद् बच्चू सिंह वर्मा के नेतृत्व में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री वीरेंद्र कुमार शर्मा ने पौधा लगाकर किया। केनरा बैंक के सहयोग से आयोजित इस पहल में बच्चू सिंह वर्मा ने पौधारोपण अभियान का नेतृत्व करते हुए हरियाली बढ़ाने और प्रकृति के संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में राहुल मदेरणा ने भी बच्चू सिंह वर्मा के साथ सक्रिय सहभागिता निभाई। वे लंबे समय से वर्मा के साथ पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण अभियानों से जुड़े हुए हैं। वर्मा उन्हें अपने साथ विभिन्न पौधारोपण कार्यक्रमों में शामिल कर पर्यावरण संरक्षण के कार्यों का अनुभव और मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में राहुल मदेरणा भी पौधारोपण एवं पौधों के संरक्षण के प्रति निरंतर जागरूकता और समर्पण के साथ अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर पर्यावरण विद बच्चू सिंह वर्मा ने बताया कि पौधारोपण को केवल वर्षा ऋतु तक सीमित नहीं समझना चाहिए। पौधों की प्रजाति, मौसम और पानी की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए अन्य महीनों में भी पौधारोपण किया जा सकता है। सबसे महत्वपूर्ण है पौधे लगाने के बाद उनकी नियमित देखभाल, सिंचाई और सुरक्षा सुनिश्चित करना। पर्यावरण प्रेमी मदेरणा ने बताया कि पौधा लगाना केवल शुरुआत है, उसे वृक्ष बनाना हमारी असली जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति पौधे लगाने के साथ उनके संरक्षण का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण और हरित भविष्य दिया जा सकता है। इस अवसर पर आईजी कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा केनरा बैंक की टीम ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

ट्यूनीशिया फिल्म फेस्ट में भारत की धूम, शॉर्ट फिल्म 'तोयज' ने जीता पुरस्कार

स्मार्ट हलचल

ट्यूनिस। ट्यूनीशिया में आयोजित 'जेर्बा इंटरनेशनल फेस्टिवल ऑफ विमेन एंड यूथ सिनेमा' के 12वें संस्करण में भारत ने 'गेस्ट ऑफ ऑनर' के रूप में भाग लेकर वैश्विक मंच पर अपनी कूटनीतिक और सिनेमाई कला का परचम लहराया है। इस प्रतिष्ठित चार दिवसीय महोत्सव में भारत की भागीदारी बेहद खास रही, जहां भारतीय शॉर्ट फिल्म 'तोयज (व्हाइट लोटस)' ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया। अभिजीत श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित भारतीय शॉर्ट फिल्म 'तोयज (व्हाइट लोटस)' को इस वैश्विक मंच पर न केवल प्रदर्शित किया गया, बल्कि इसने महोत्सव की अत्यधिक प्रतिस्पर्धी शॉर्ट-फिल्म श्रेणी में तीसरा पुरस्कार जीतकर एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की। इस फिल्म की कहानी और तकनीकी उत्कृष्टता ने अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के साथ-साथ जूरी सदस्यों को भी गहराई से प्रभावित किया। ट्यूनीशिया स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर लिखा जीत, 'व्हाइट लोटस' ने महिलाओं और युवाओं के सिनेमा के लिए आयोजित 12वें जेर्बा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की आधिकारिक शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता में तीसरा पुरस्कार जीता है। निर्देशक अभिजीत श्रीवास्तव और उनकी पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई। महिलाओं और युवा फिल्म निर्माताओं को समर्पित इस अंतरराष्ट्रीय सिनेमाई महाकुंभ में दुनिया भर के देशों की कला का संगम देखने को मिला। महोत्सव के दौरान भारत के अलावा अल्जीरिया, मोरक्को, लेबनान, मिस्र, सीरिया, बहरीन, कतर, क्रोएशिया, अमेरिका, फ्रांस और फिलिस्तीन सहित 38 देशों की 68 बेहतरीन फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई। महोत्सव में 'गेस्ट ऑफ ऑनर' के रूप में भारत को मिला विशेष स्थान और 'तोयज' की इस बड़ी सफलता ने वैश्विक पटल पर भारतीय सिनेमा की धाक को और मजबूत किया है। यह उपलब्धि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को गहरा करने और भारत तथा ट्यूनीशिया के बीच कलात्मक सहयोग को प्रोत्साहित करने में सिनेमा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है। कूटनीतिक हलकों में माना जा रहा है कि इस आयोजन के बाद दोनों देशों के फिल्म निर्माताओं के बीच सहयोग के नए द्वार खुलेंगे।

शौच के लिए घर से निकला 13 वर्षीय किशोर लापता

दो दिन से तलाश में जुटे परिजन, दादा की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी

स्मार्ट हलचल

खखरेरू/फतेहपुर थाना क्षेत्र के मोहनापुर (मजरे जहांगीर नगर गहुरा) गांव से 13 वर्षीय किशोर दो दिन से लापता है। परिजनों ने रिश्तेदारियों और आसपास के गांवों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद किशोर के दादा ने थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, मोहनापुर निवासी रामस्वरूप पुत्र जुग्गीलाल का 13 वर्षीय नाती अंशु 28 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे शौच के लिए घर से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। काफी देर तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। आस-पड़ोस और रिश्तेदारियों में भी जानकारी की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों के अनुसार, लापता किशोर की लंबाई करीब चार फीट और रंग गोरा है। घर से निकलते समय उसने ग्रे रंग की टी-शर्ट, नीले रंग का लोअर और पैरों में पबजी लिखा हुआ चप्पल पहन रखी थी। किशोर के दादा रामस्वरूप ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर पोते की तलाश कर सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी गई है।

जिला इंटक कोटा ने श्रमिकों की मांगों को लेकर संयुक्त संभागीय श्रम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

सांगोद 30 अक्टूबर को यूथ इंटक जिला अध्यक्ष आशीष वैष्णव ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि जिला (इंटक), कोटा जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार दाधीच द्वारा आज जिला कलेक्ट्रेट कोटा में संयुक्त संभागीय श्रम आयुक्त श्री दीपक यादव जी को ज्ञापन सौंपकर PHED विभाग, कोटा में कार्यरत लष्टचष्ट ठेका कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि GCKC Project and Works Pvt. Ltd. जयपुर द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (PHED), कोटा में कार्यरत ठेका कर्मचारियों का वेतन समय पर नहीं दिया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इंटक ने प्रमुख रूप से सितंबर 2026 माह के बकाया वेतन का शीघ्र भुगतान करवाने, अक्टूबर 2026 का वेतन नियमानुसार समय पर दिलवाने तथा कर्मचारियों को दीपावली से पूर्व बोनस का भुगतान करवाने की मांग की। इस अवसर पर जिला इंटक ने श्रमिकों के हितों की रक्षा करते हुए प्रशासन से मांग की कि संबंधित ठेका फर्म को आवश्यक निर्देश जारी कर कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाया जाए। जिला इंटक कोटा ने चेतावनी दी कि यदि श्रमिकों की जायज मांगों का समाधान नहीं किया गया तो संगठन कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए आगामी कदम उठाने को बाध्य होगा।

गांव की सरकार चुनने उत्साह के साथ किया मतदान 188 ग्राम पंचायतों में लोकतंत्र का उत्सव....

शाम 6 बजे तक लगभग 75 फीसदी मतदान

स्मार्ट हलचल

उदयपुर । पंचायतीराज आम चुनाव 2026 के तहत जिले में दूसरे चरण के तहत शुक्रवार को जिले की 6 पंचायत समितियों की 188 ग्राम पंचायतों में पंच-सरपंच पदों के लिए शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। गांव की सरकार चुनने को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। शाम 6 बजे तक करीब 75 फीसदी मतदान दर्ज हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव अग्रवाल ने बताया कि द्वितीय चरण के तहत पंचायत समिति गोगुन्दा, बड़गांव, कोटड़ा, देवला, सुलाव तथा सायरा की कुल 188 ग्राम पंचायतों में पंच एवं सरपंच पदों के लिए शुक्रवार सुबह निर्धारित समय पर मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की आवाजाही शुरू हो गई थी। परम्परागत रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला और महिला एवं पुरुष मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लिया। कई स्थानों पर ग्रामीण अपने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान करने पहुंचे। वहीं, महिला मतदाताओं समेत प्रत्येक आयुवर्ग के मतदाताओं में मतदान को लेकर विशेष उत्साह नजर आया।

दिन चढ़ने के साथ बढ़ा मतदान

अंचल में शुक्रवार को मौसम अपेक्षाकृत ठण्डा रहा। आसमान में बादल छाए रहे तथा रूक रूक कर हवा भी चलती रही। दिन चढ़ने के साथ वातावरण सामान्य होता रहा। इससे मतदान केंद्रों पर भी भीड़ बढती रही। सुबह 10 बजे तक 16.33 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसके बाद मतदान की गति में तेजी आई और दोपहर 1 बजे तक जिले में कुल 45.34 प्रतिशत, अपराह्न 3 बजे तक 63.92 प्रतिशत तथा शाम छह बजे तक 74.56 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। शाम 6 बजे बाद तक भी कुछ बूथों पर मतदान जारी रहा। मतदान पूर्ण होने के साथ मतगणना का क्रम शुरू हुआ, जो देर रात तक चलता रहा।

बड़गांव पंचायत समिति रही सबसे आगे

बड़गांव पंचायत समिति क्षेत्र में शाम 6 बजे तक सबसे अधिक 82.35 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। वहीं देवला में 81.69 प्रतिशत, कोटड़ा में 79.54 प्रतिशत, सुलाव में 77.32 प्रतिशत, सायरा में में 67.39 प्रतिशत तथा गोगुन्दा में सबसे कम 64.91 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ।

महिलाओं ने अपार उत्साह

ग्रामीण परिवेश वाले इस चुनाव में महिला मतदाताओं की भागीदारी बेहद अनूठी रही। सुबह घर का कामकाज निपटाकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं समूहों में मतदान केंद्रों पर पहुंचीं। घूंघट की ओट में कतारों में खड़ी महिलाओं का हौसला पुरुषों से कम नहीं था। उन्होंने गांव के विकास, पानी, बिजली और शिक्षा जैसे मुद्दों पर बेबाक होकर मतदान किया।

युवा, बुजुर्ग और दिव्यांगों का दिखा अनूठा जज्बा

पहली बार वोट डालने वाले युवा मतदाताओं में अमिट स्याही लगवाने का गजब का क्रेज देखा गया। युवाओं ने वोट डालने के बाद उंगली पर लगी स्याही के साथ जमकर सेल्फी ली। वहीं, लोकतंत्र के इस उत्सव में शारीरिक कमजोरी भी आड़े नहीं आई। कई केंद्रों पर बुजुर्ग अपने परिजनों के सहारे लाठी टेकते हुए बूथ तक पहुंचे। दिव्यांग मतदाताओं ने भी व्हीलचेयर और बैसाखियों के सहारे आकर मतदान किया और संदेश दिया कि देश और गांव के विकास में हर एक वोट की कितनी कीमत है।

राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों से संवाद

सभी 669 राजकीय महाविद्यालयों की मासिक रैंकिंग जारी करने के लिए ग्रेडिंग सिस्टम बनाएं:मुख्य सचिव

हर माह कम से कम पांच महाविद्यालयों के प्राचार्यों से संवाद और बेहतर प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन और निर्देश पर राज्य की सभी शिक्षण संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता, कौशल विकास और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस क्रम में मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज में प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों से संवाद किया। इस दौरान एसपीसीजी कॉलेज अजमेर, राजकीय महाविद्यालय कोटा, एसबीआरएम राजकीय महाविद्यालय नागौर, राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर, राज ऋषि राजकीय महाविद्यालय अलवर, एमएसजे राजकीय महाविद्यालय भरतपुर, राजकीय महाविद्यालय सिरोही, महाराणा प्रताप पीजी राजकीय

महाविद्यालय चित्तौड़गढ़, मीरा गर्ल्स कॉलेज उदयपुर, राजकीय लोहिया महाविद्यालय चुरू के प्राचार्यों ने अपने-अपने महाविद्यालयों के संबंध में प्रस्तुतियां दीं। उन्होंने महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों, कक्षाकक्षों, पुस्तकालयों, प्रयोगशालाओं, नवाचारों एवं उपलब्धियों की जानकारी से मुख्य सचिव को अवगत कराया। वी. श्रीनिवास ने उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी 669 राजकीय महाविद्यालयों की मासिक प्रदर्शन रैंकिंग जारी करने के लिए ग्रेडिंग सिस्टम तैयार करें। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले महाविद्यालयों को प्रोत्साहित किया जाए।

महाविद्यालयों के बीच संवाद और नवाचारों का आदान-प्रदान हो

मुख्य सचिव ने उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक माह कम से कम पांच राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों से संवाद करें। साथ ही प्रदेश के सभी 669 राजकीय महाविद्यालयों के बीच नियमित संवाद का प्रभावी तंत्र विकसित किया जाए, जिससे संस्थान एक-दूसरे की श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों, नवाचारों और उपलब्धियों को आपस में साझा कर सकें।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के अनेक राजकीय महाविद्यालयों की विरासत 100 वर्ष से भी अधिक पुरानी है। इन संस्थानों के गौरवशाली इतिहास और उपलब्धियों को संरक्षित करने के लिए उनके इतिहास का दस्तावेजीकरण किया जाए तथा स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया जाएं।

राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच ने राधा अंजी एम को कर्नाटक महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष नियुक्ति

राष्ट्रीय अध्यक्ष यशवंत सिंह दरबार एवं राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सीमा राजू मीणा के निर्देशन में राष्ट्रीय महासचिव राकेश मीणा ने दी नियुक्ति

स्मार्ट हलचल

नई दिल्ली। राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच ने संगठनात्मक विस्तार एवं महिला सशक्तीकरण की दिशा में कर्नाटक प्रदेश में महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर राधा अंजी एम को नियुक्त किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष यशवंत सिंह दरबार एवं राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमति राजू मीणा के निर्देशन में राष्ट्रीय महासचिव राकेश मीणा ने नियुक्ति प्रदान की। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राधा अंजी एम कर्नाटक में महिला प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी संभालेंगी। उनकी नियुक्ति का उद्देश्य आदिवासी समाज की महिलाओं को संगठन से जोड़ना, महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा शिक्षा, सामाजिक विकास और महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देना है। राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच देशभर में आदिवासी समाज की एकता, शिक्षा, अधिकारों और विकास के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का मानना है कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

महिला नेतृत्व को मिलेगा बढ़ावा

राष्ट्रीय महासचिव राकेश मीणा ने कहा कि संगठन में महिलाओं को नेतृत्व के अवसर प्रदान करना सामाजिक सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच का लक्ष्य देशभर में संगठन को मजबूत करते हुए आदिवासी समाज की आवाज को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाना है। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष से कर्नाटक में संगठन का विस्तार करने तथा आदिवासी समाज की महिलाओं को संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने की अपेक्षा है। राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच की ओर से नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

कोटा नागरिक सहकारी बैंक की बोर्ड बैठक सम्पन्न

20 सदस्यो को 279.20 लाख का ऋण वितरित,24 नए सदस्य बनाएं ओटीएस योजना के तहत दी 2.25 लाख रुपये की राहत

स्मार्ट हलचल

कोटा। कोटा नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड की संचालक मंडल एवं ऋण समिति की बैठक शुक्रवार को रावतभाटा रोड स्थित बैंक के प्रधान कार्यालय में अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बैंक की वित्तीय स्थिति, ऋण वसूली, ग्राहक सुविधाओं और भावी कार्ययोजना सहित 30 एजेंडों पर विचार-विमर्श कर प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। प्रबंध संचालक बीना बैरवा ने बताया कि बैठक में सीआरआर एवं एसएलआर की अनुपालना, एकमुश्त ऋण समाधान योजना (ओटीएस), आमसभा व्यय की पुष्टि, वित्तीय विवरण एवं एलएफएआर रिपोर्ट, जमाओं की समीक्षा, पूंजीगत व्यय, वार्षिक योजना, एनपीए वसूली, ग्राहक सेवा, बैंक के तलपट एवं आय-व्यय, सुरक्षा व्यवस्था, इंटर-ब्रांच एवं बैंक रिकन्सिलिएशन तथा प्रतिभूति निवेश सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

ओटीएस योजना को तीन माह का विस्तार

अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला ने बताया कि एकमुश्त ऋण समाधान योजना-2025 (संशोधित) के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। योजना के तहत पांच सदस्यों को 2.25 लाख रुपये की ब्याज राशि में राहत प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त 24 नए सदस्यों को बैंक से जोड़ा गया तथा 20 सदस्यों को कुल 279.20 लाख रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए। योजना के उत्साहजनक परिणामों को देखते हुए इसे तीन माह का अतिरिक्त विस्तार देने का निर्णय लिया गया।

बैंक ने अर्जित किया 1.71 करोड़ का शुद्ध लाभ

बैठक में बैंक की वित्तीय स्थिति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि बैंक की कुल जमाएं 832.67 करोड़ रुपये तक पहुंच गईं, जबकि ऋण वितरण 287.57 करोड़ रुपये से अधिक रहा। बैंक ने 1.71 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया। प्रबंध संचालक बीना बैरवा ने बताया कि बैंक का नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) एवं सांविधिक तरलता अनुपात (एसएलआर) भारतीय रिजर्व बैंक के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप है। बैठक में एनपीए की स्थिति एवं ऋण वसूली की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

बैठक में बोर्ड संचालक महेन्द्र कुमार शर्मा, सुरेश चंद्र काबरा, महावीर सुवालका, नंदलाल प्रजापति, पदमिनी हाड़ा एवं तनिशा बादल, सहवर्ती संचालक नवनीत जाजू, अरुण भार्गव एवं प्रेम भाटिया तथा बोम अध्यक्ष ओम माहेश्वरी, महेश अजमेरा, सुरेन्द्र गोयल एवं भक्ति निगम उपस्थित रहे।

पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कठिन कार्य किया

स्मार्ट हलचल

कोटा । सरदार पटेल जयन्ति की पूर्व संध्या पर महावीर नगर विस्तार योजना स्थित एक नीजी विधालय परिसर में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें अंतिमा सुमन, शीला मीणा, श्याम मनोहर हरित, दुर्गेश सुमन, रितिक, नीरज गोचर, ब्रज किशोर मीणा, जितेन्द्र बैरवा, अभिषेक गुप्ता, पुरूषोत्तम अजमेरा, शशिकर चिरोरा, विरेन्द्र सिंह राठौर ने भाग लिया जिसमें मुख्य अतिथि हाड़ौती पर्यावरण संरक्षण समिति के संभागीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशिकर चिरोरा ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा की पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कठिन कार्य किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार पर्यावरण सुरक्षा एवं भष्ट्राचार निवारण संगठन के संगठन मंत्री विरेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा की पटेल महात्मा गांधी के शुरुआती राजनीतिक सहयोगियों में से एक थे, उन्होंने गुजरात के खेड़ा, बोरसाद और बारडोली के किसानों को ब्रिटिश राज के खिलाफ अहिंसक सविनय अवज्ञा आंदोलन में संगठित करने का कार्य किया और गुजरात के सबसे प्रभावशाली नेताओं में नम्बर एक बन गए । किसान नेता एवं भाजपा आरटीआई/पर्यावरण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष श्याम मनोहर हरित ने कहा की उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 49वें अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया तथा वो देश के हित को सर्वोच्य रखते हुए कठोर निर्णय लेते थे, आज के युवाओं को उनके आर्दशों से मार्ग दर्शन प्राप्त करना चाहिए, कार्यक्रम के संयोजक पुरूषोत्तम अजमेरा ने कहा की मुंबई के एक अपार्टमेंट में रहते हुए वे कांग्रेस के मुख्य धनसंग्रहकर्ता और केंद्रीय संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष बने, और पार्टी के उम्मीदवारों के टिकट चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । अंतिमा सुमन ने कहा की भारत छोड़ो आंदोलन की सभा में सात अगस्त 1942 को मुंबई के गोवालिया टैंक में एकत्रित 100,000 से अधिक लोगों को संबोधित करते हुए एक प्रभावशाली भाषण दिया, आज के नेताओं का मानना है कि पटेल का भाषण राष्ट्रवादियों को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण था, जितेन्द्र बैरवा ने कहा की भारत के पहले गृह मंत्री और उप प्रधानमंत्री के रूप में, पटेल ने पाकिस्तान से पंजाब और दिल्ली भागकर आए विभाजन शरणार्थियों के लिए राहत प्रयासों का आयोजन किया और शांति बहाल करने के लिए काम किया । शीला मीणा ने कहा की प्रत्यक्ष ब्रिटिश शासन के अधीन रहे प्रांतों के अलावा, लगभग 565 स्वशासी रियासतों को ब्रिटिश आधिपत्य से मुक्त करा कर, पटेल ने जवाहरलाल नेहरू और लुई माउंटबेटन के साथ मिलकर लगभग हर रियासत को भारत में विलय के लिए राजी किया तथा नव स्वतंत्र देश में राष्ट्रीय एकता के प्रति पटेल की प्रतिबद्धता ने उन्हें भारत का लौह पुरुष नाम दिलाया । अभिषेक गुप्ता ने कहा की काँग्रेस की सरकारों ने पटेल की लगतार उपेक्षा की, लेकिन भाजपा की सरकार आने के बाद मोदी सरकार ने विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, जिसे 42 करोड़ अमेरिकी डॉलर की लागत से बनवाया, 31 अक्टूबर 2018 को उन्हाने देश को समर्पित की, जिसकी ऊंचाई लगभग 182 मीटर (597 फीट) है ।

2.5 टन ई-वेस्ट का वैज्ञानिक तरीके से होगा निस्तारण,राजेश कृष्ण बिरला ने दिखाई हरी झंडी

स्मार्ट हलचल

कोटा। इलेक्ट्रॉनिक कचरे के बढ़ते खतरे और उससे होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इनरव्हील क्लब कोटा ने विशेष अभियान चलाकर शहर से करीब 2.5 टन ई-वेस्ट एकत्रित किया। अध्यक्ष डा.नीता जैन ने बताया कि एकत्रित ई-वेस्ट को वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण के लिए भेजा गया। इस अवसर पर रेडक्रॉस के स्टेट चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला ने ई-वेस्ट से भरे ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर राजेश कृष्ण बिरला ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बढ़ते उपयोग के साथ ई-वेस्ट का सुरक्षित प्रबंधन आज की बड़ी आवश्यकता है। मोबाइल, कंप्यूटर, बैटरी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को सामान्य कचरे के साथ फेंकना पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इनमें मौजूद हानिकारक तत्व मिट्टी और जल को प्रदूषित कर सकते हैं। ऐसे में ई-वेस्ट का पृथक संग्रहण और अधिकृत केंद्रों के माध्यम से वैज्ञानिक निस्तारण जरूरी है। उन्होंने क्लब की इस पहल को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उपयोगी प्रयास बताया। क्लब सचिव अर्चना गोयल ने बताया कि 2 माह तक सोशल मीडिया से अभियान चलाकर ईवेस्ट एकत्रित किया इसके साथ ही 850 किलो पुराने कपडो भी रिसाईकिल के लिए भेजे गए।अभियान में प्रोजेक्ट चीफ पैट्रन एवं पास्ट डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन स्वाति गुप्ता, प्रोजेक्ट पैट्रन एवं पास्ट प्रेसीडेंट रेनू पालीवाल तथा प्रोजेक्ट चेयरमैन वैशाली भार्गव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में नीरजा कोहली ने घर में रिसाईकिल करके ही इस प्रदूषण को कम किया जा सकता है और आभार व्यक्त किया।

पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती अंजना त्यागी बनीं विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष

स्मार्ट हलचल

गंगापुर सिटी। विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन-1डी द्वारा लालसोट निवासी एवं राजस्थान सरकार के माध्यमिक शिक्षा विभाग की पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती अंजना त्यागी को महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। 30 अक्टूबर 2026 को जारी नियुक्ति पत्र प्रदेशाध्यक्ष डॉ. हेमन्त शर्मा की अनुशंसा तथा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के अनुमोदन से जारी किया गया। नियुक्ति पत्र सौंपने के अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष डॉ. हेमन्त शर्मा के साथ प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री कैलाश तिवाड़ी एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री सियाराम शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. हेमन्त शर्मा ने कहा कि श्रीमती त्यागी का प्रशासनिक एवं शैक्षिक अनुभव संगठन के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। उनके नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ को नई ऊर्जा मिलेगी तथा महिला सशक्तीकरण एवं सामाजिक गतिविधियों को गति मिलेगी। विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने श्रीमती अंजना त्यागी को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ दीं।

आरटीई भुगतान को लेकर कृषि एवं आपदा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

आठ माह से अधिक समय बीतने के बाद भी निजी स्कूलों को नहीं मिला भुगतान, दीपावली से पहले राशि जारी कराने का मिला आश्वासन

स्मार्ट हलचल

सवाई माधोपुर। मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के राष्ट्रीय संगठन स्कूल शिक्षा परिवार के बैनर तले जिला अध्यक्ष दिलीप शर्मा के नेतृत्व में निजी स्कूल संचालकों ने आरटीई भुगतान की मांग को लेकर कृषि एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से फोन पर वार्ता कर निजी स्कूलों का बकाया भुगतान शीघ्र करवाने की मांग की गई। ब्लॉक अध्यक्ष पदम सिंह आमेरा ने बताया कि पिछले शिक्षा सत्र को समाप्त हुए आठ माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन सरकार की ओर से निजी स्कूलों को आरटीई का भुगतान नहीं किया गया है। जिले में कई ऐसे स्कूल हैं, जिनका पिछले तीन वर्षों से भुगतान बकाया है। इस संबंध में लगातार ज्ञापन देने के बावजूद केवल आश्वासन ही मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि दीपावली का त्योहार नजदीक है और भुगतान नहीं मिलने से निजी स्कूलों की आर्थिक स्थिति चिंताजनक हो गई है। स्कूल संचालकों के सामने कर्मचारियों को वेतन देने तक का संकट खड़ा हो गया है। इसी मांग को लेकर प्रदेशभर में गुरुवार को भाजपा जिला अध्यक्षों, विधायकों एवं मंत्रियों को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया था। इस पर मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने आश्वासन दिया कि निजी स्कूलों की मांग को पूरी मजबूती के साथ मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के समक्ष रखा जाएगा तथा दीपावली से पहले भुगतान करवाने का प्रयास किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में अजय कुमार शर्मा, पदम सिंह आमेरा, उमेश कुमार शर्मा, सत्यनारायण हावा, राजकुमार वर्मा, आचार्य नरोत्तम शर्मा, आचार्य सत्यनारायण शर्मा, भरत लाल मीणा, मोतीलाल मीणा, सत्यनारायण नरेनिया, रामविलास मीणा सहित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल रहे।

तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने 112 पीआरबी को मारी टक्कर, चालक फरार

टक्कर के बाद पेड़ से भिड़ी ट्रैक्टर-ट्राली, बाल-बाल बचे पुलिसकर्मी

खखरेरू/फतेहपुर थाना क्षेत्र के कनपुरवा मोड़ पर शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर आगे चल रही डायल 112 की पीआरबी में टक्कर मारने के बाद सड़क किनारे खंती में खड़े पेड़ से जा भिड़ी। हादसे में पीआरबी में सवार पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के वार्ड नंबर तीन लक्ष्मीबाई नगर स्थित कनपुरवा मोड़ के पास दोपहर करीब दो बजे खखरेरू की ओर से तेज रफ्तार में आ रही ट्रैक्टर-ट्राली मोड़ पर अनियंत्रित हो गई। ट्रैक्टर ने आगे चल रही डायल 112 की पीआरबी को टक्कर मार दी। इसके बाद ट्रैक्टर-ट्राली सड़क किनारे खंती में खड़े पेड़ से टकरा गई। गनीमत रही कि हादसे में पुलिसकर्मियों को कोई गंभीर चोट नहीं आई। टक्कर के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। इस संबंध में थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि पीआरबी में पीछे से स्क्रैच लगा हुआ है ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया गया है।अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

अमेरिका की न्यूक्लियर लैब में आग से हड़कंप, इमरजेंसी घोषित

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के साउथ कैरोलिना राज्य में एक बड़े न्यूक्लियर सेंटर की लैब में आग लगने के बाद इमरजेंसी घोषित कर दी गई. यह आग ऐकेन शहर के पास स्थित सवाना रिवर साइट परिसर की सवाना रिवर नेशनल लेबोरेटरी में लगी. अधिकारियों के मुताबिक, आग शाम 5 बजकर 39 मिनट पर लगी. इसके बाद आपातकालीन कार्रवाई शुरू की गई. करीब दो घंटे बाद आग बुझा दी गई. अधिकारियों ने बताया कि प्रभावित इमारत के बाहर रेडियोएक्टिव मटेरियल फैलने की कोई सूचना नहीं है. एहतियात के तौर पर केंद्र के एंट्री पॉइंट बंद कर दिए गए हैं और बाहर से आने वाले वाहनों को रोक दिया गया है. लैब के आसपास रेल, नदी और हवाई रास्तों से होने वाली आवाजाही पर भी रोक लगाई गई है. घटना से प्रभावित इलाकों में मौजूद जिन कर्मचारियों की जरूरत आग बुझाने या केंद्र को बंद करने के काम में नहीं है, उन्हें अपनी जगह पर ही सुरक्षित रहने का निर्देश दिया गया है. केंद्र के अधिकारी हालात संभालने की कार्रवाई की निगरानी कर रहे हैं. राज्य और स्थानीय प्रशासन की संबंधित एजेंसियों को भी घटना की जानकारी दे दी गई है. स्थानीय लोगों को सलाह दी गई है कि वे रेडियो और टीवी पर खबरों के जरिए ताजा जानकारी लेते रहें.

स्पेन में ट्रेन हादसे के बाद लोगों का गुस्सा भड़का :पुलिस पर बोतलें-पटाखे फेंके, परिवहन मंत्री से इस्तीफा मांग रहे

मैड्रिड, एजेंसी। स्पेन में बुधवार दो हाईस्पीड ट्रेनों की टक्कर में 68 लोगों की मौत के बाद लोगों का गुस्सा भड़क गया है। सैकड़ों लोगों ने राजधानी मैड्रिड में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते के इस्तीफे की मांग की है। कुछ लोगों ने उन्हें 'मौत का मंत्री' तक कहा। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प भी हुई। लोगों ने पुलिस पर बोतलें और पटाखे फेंके। वहीं पुलिस ने भी प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए बल का प्रयोग किया। शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक रेल सुरक्षा सिस्टम में खराबी आई थी जिसके बाद कंट्रोल सेंटर ने एक ट्रेन को दोबारा चलने की इजाजत दी। आगे पटरी पर खड़ी दूसरी ट्रेन से उसकी टक्कर हो गई। लेकिन सिग्नल सिस्टम की खराबी ही हादसे की असली वजह थी या नहीं, इसकी पुष्टि जांच के बाद ही होगी। परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते ने भी कहा है कि जांच के बाद हादसे की असली वजह सामने आएगी और जिम्मेदारी तय हो सकेगी।

अमेरिका ने रवांडा के रक्षा मंत्रालय पर लगाए प्रतिबंध, पूर्वी कांगो संघर्ष में दखल का आरोप

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका ने पूर्वी कांगो में जारी संघर्ष में रवांडा की भूमिका को लेकर उसके रक्षा मंत्रालय पर प्रतिबंध लगा दिए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की शांति की कोशिशों के बावजूद कांगो की सरकार और रवांडा समर्थित एम23 विद्रोहियों के बीच लड़ाई जारी है। ये प्रतिबंध पिछले साल के अंत में वाशिंगटन में कांगो के राष्ट्रपति फेलिक्स त्शिसेकेदी और रवांडा के राष्ट्रपति पॉल कागामे के बीच हुए शांति समझौते के बाद लगाए गए हैं। इस समझौते पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए थे। हालांकि, अब तक इन कोशिशों का जमीनी हालात पर बहुत कम असर पड़ा है और संघर्ष जारी है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि वह रवांडा के रक्षा मंत्रालय पर प्रतिबंध लगा रहा है। मंत्रालय के मुताबिक, रवांडा ने पूर्वी कांगो के उत्तरी किवु और दक्षिणी किवु प्रांतों में हजारों सैनिक तैनात किए हैं। ये सैनिक एम23 के साथ मिलकर अभियान चलाते हैं और इस सशस्त्र समूह को सैन्य उपकरण, जरूरी सामान, लॉजिस्टिक मदद और प्रशिक्षण मुहैया कराते हैं। बयान में कहा गया कि रवांडा के अधिकारियों ने युद्ध के मैदान में आधुनिक हथियार भी तैनात किए हैं। इनमें सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणालियां और संचार बाधित करने वाले उपकरण शामिल हैं। इससे पूर्वी कांगो में नागरिक विमानों की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है। एम23 उन करीब 100 सशस्त्र समूहों में से एक है, जो रवांडा की सीमा से लगे खनिज संपदा से भरपूर पूर्वी कांगो में अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।

नेतन्याहू बहुमत से दूर, फिर भी सरकार बना सकते हैं

अरब पार्टियों की भी जरूरत नहीं; आइजनकोट के पास भी सत्ता में आने के 3 रास्ते

तेल अवीव, एजेंसी। इजराइल में 90 प्रतिशत से ज्यादा वोटों की गिनती पूरी हो गई है। इसके बाद भी सरकार बनाने का रास्ता साफ नहीं हो पाया है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू और विपक्षी नेता गादी आइजनकोट, दोनों के गठबंधन बहुमत से दूर हैं। इजराइली संसद में 120 सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए कम से कम 61 सीटें चाहिए। हालांकि, नेतन्याहू इससे कम सीटें होने पर भी सरकार बना सकते हैं। इसके लिए उन्हें 19 सीटों के साथ किंगमेकर बनकर उभरी अरब पार्टियों की जरूरत भी नहीं है। नेतन्याहू को सत्ता से हटाने की कोशिश कर रहे गादी आइजनकोट गठबंधन की उम्मीदें भी कायम हैं। 48 सीटों में आगे चल रहे इस गठबंधन के पास सरकार बनाने के 3 रास्ते हैं।

विपक्षी खेमे के सांसदों का समर्थन जुटाना : नेतन्याहू विपक्षी गठबंधन में शामिल किसी पार्टी या उसके कुछ सांसदों को अपने साथ लाने की कोशिश कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें सरकार में शामिल होने का प्रस्ताव देने या उनकी कुछ मांगें मानने की जरूरत पड़ सकती है। अगर विपक्षी खेमे के कुछ सांसद विश्वास मत में नेतन्याहू का समर्थन करते हैं या मतदान से दूर रहते हैं, तो उनके लिए सरकार बनाने का रास्ता आसान हो सकता है। हालांकि, विपक्षी नेताओं ने चुनाव में नेतन्याहू को सत्ता से हटाने का लक्ष्य रखा था। इसलिए उनके किसी सहयोगी का नेतन्याहू के पक्ष में जाना राजनीतिक रूप से मुश्किल हो सकता है। अभी किसी खास विपक्षी नेता के पाला बदलने की पुष्टि नहीं हुई है।

राष्ट्रीय एकता सरकार बनाना : नेतन्याहू दूसरी पार्टियों के साथ मिलकर राष्ट्रीय एकता सरकार बनाने की कोशिश भी कर सकते हैं। इसमें उनके मौजूदा दक्षिणपंथी और धार्मिक सहयोगियों के साथ विपक्ष के कुछ नेता भी शामिल हो सकते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट या गादी आइजनकोट जैसे नेताओं की भूमिका इस विकल्प में अहम हो सकती है। लेकिन इसके लिए प्रधानमंत्री पद, सैन्य सेवा से जुड़े नियमों और दूसरी नीतियों पर समझौता करना होगा। आइजनकोट और नेतन्याहू के बीच राजनीतिक मतभेद इस रास्ते की बड़ी बाधा हैं। इसके अलावा, नेतन्याहू के अति-दक्षिणपंथी सहयोगियों को भी विपक्षी नेताओं के साथ सत्ता साझा करना मंजूर होना जरूरी नहीं है।

अल्पमत सरकार चलाना : तीसरा विकल्प ऐसी सरकार बनाना है, जिसके पास अपने गठबंधन में 61 सीटें न हों, लेकिन वह विश्वास मत हासिल कर ले। इसके लिए जरूरी नहीं कि अरब पार्टियां सरकार में शामिल हों। यदि वे मतदान से दूर रहती हैं या सरकार के खिलाफ वोट नहीं देतीं, तो संसद में मौजूद और वोट करने वाले सांसदों के हिसाब से सरकार विश्वास मत जीत सकती है। हालांकि, यह विकल्प सरकार को स्थिरता की गारंटी नहीं देता। बजट, कानून और दूसरे बड़े फैसलों के लिए नेतन्याहू को संसद में समर्थन जुटाना होगा। अगर विरोधी दल एकजुट होकर सरकार के खिलाफ वोट करते हैं, तो उनकी सरकार संकट में पड़ सकती है।

आइजनकोट के सामने क्या रास्ते हैं : आइजनकोट के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि उनके खेमे की 48 सीटें बहुमत से काफी कम हैं। अरब पार्टियों की 19 सीटें जोड़ने पर नेतन्याहू विरोधी खेमे के पास सैद्धांतिक रूप से 67 सीटें हो सकती हैं। लेकिन कई यहूदी दल अरब पार्टियों के साथ औपचारिक गठबंधन या समझौते के खिलाफ हैं।

आइजनकोट के पास भी तीन विकल्प हैं... पहला, वे अरब पार्टियों के समर्थन से सरकार बनाने की कोशिश कर सकते हैं। ये पार्टियां सरकार में शामिल हुए बिना भी विश्वास मत में उनका साथ दे सकती हैं। लेकिन दक्षिणपंथी सहयोगियों की आपत्तियों के कारण यह रास्ता मुश्किल है। दूसरा, वे नेतन्याहू के मौजूदा गठबंधन के कुछ सांसदों को अपने पक्ष में लाने की कोशिश कर सकते हैं। इससे उन्हें बहुमत जुटाने में मदद मिल सकती है, लेकिन इसके लिए उन सांसदों को अपने राजनीतिक सहयोगियों से अलग होने के लिए राजी करना होगा। तीसरा, वे ऐसी अल्पमत सरकार बनाने की कोशिश कर सकते हैं, जिसे संसद में जरूरत के मुताबिक दूसरी पार्टियों का समर्थन मिलता रहे। इसलिए इस रास्ते पर भी विपक्षी खेमे में सहमति बनाना जरूरी होगा। चुनाव के बाद राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग अलग-अलग पार्टियों के नेताओं से बातचीत करेंगे और फिर सरकार बनाने के लिए एक नेता को मौका देंगे। दोनों प्रमुख खेमों के बहुमत से दूर होने के कारण गठबंधन की बातचीत अहम होगी। अगर कोई भी नेता सरकार बनाने में कामयाब नहीं होता, तो राजनीतिक गतिरोध बढ़ सकता है और दोबारा चुनाव की नौबत भी आ सकती है। कुल मिलाकर, नेतन्याहू के पास 61 सीटों का गठबंधन न होने के बावजूद सत्ता में बने रहने के विकल्प हैं। वहीं, आइजनकोट के लिए चुनौती यह है।

अमेरिका में संघ की पहुंच बढ़ाएगा आरएसएस फ्रेंड्स: विदेशी एजेंट के रूप में कराया पंजीकरण

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के समर्थकों के एक समूह 'आरएसएस फ्रेंड्स' ने अमेरिकी न्याय विभाग में विदेशी एजेंट के रूप में पंजीकरण कराया है। समूह का उद्देश्य अमेरिका में संघ के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उसके संबंध में गलत, अधूरी या संदर्भ से हटकर दी गई जानकारी का जवाब देना है। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, आरएसएस फ्रेंड्स ने 27 अगस्त को विदेशी एजेंट पंजीकरण अधिनियम (एफएआरए) के तहत पंजीकरण कराया। पंजीकरण दस्तावेज में समूह ने जॉर्जिया का एक पता दिया है। उसने नई दिल्ली के केशव कुंज स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को अपना विदेशी प्रमुख बताया है।

गलत और अधूरी जानकारी का जवाब देना भी उद्देश्य : आरएसएस फ्रेंड्स ने अपनी प्रस्तावित गतिविधियों में ऐसी जानकारी को ठीक करना या उसका जवाब देना भी शामिल किया है, जिसे समूह संघ के बारे में गलत, अधूरा या जरूरी संदर्भ से रहित मानता है। समूह ने कहा कि आरएसएस के साथ उसका कोई लिखित रोजगार, परामर्श, लॉबिंग, जनसंपर्क या एजेंसी समझौता नहीं है, जिसमें काम का स्पष्ट विवरण, भुगतान या संचालन संबंधी विस्तृत निर्देश तय किए गए हों। हालांकि, समूह ने यह भी स्पष्ट किया कि लिखित समझौते का नहीं होना इस बात का प्रमाण नहीं है कि दोनों के बीच कोई संबंध, अनुरोध, समझ, समन्वय, अनुमति या निर्देश नहीं हैं। उसने कहा कि वह अपनी गतिविधियों से जुड़े वास्तविक तथ्यों का खुलासा करेगा।

शैक्षणिक और जनसंपर्क गतिविधियों पर जोर : समूह के मुताबिक, उसकी प्रस्तावित गतिविधियां मुख्य रूप से सूचना देने, शिक्षा, जनसंपर्क और समुदाय से जुड़ाव पर केंद्रित होंगी। इसके तहत वह आम लोगों, पत्रकारों, मीडिया संस्थानों, शोधकर्ताओं, शैक्षणिक और नीति संस्थानों, सामुदायिक नेताओं तथा नागरिक समाज संगठनों से संवाद कर सकता है। लागू कानून के अनुरूप जरूरत पड़ने पर सरकारी एजेंसियों और अधिकारियों से भी संपर्क किया जा सकता है। आरएसएस फ्रेंड्स ने संघ को भारत में स्थित स्वयंसेवी और सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन बताया है। पंजीकरण दस्तावेज में राजेंद्र सोनारिकर, जयंत पंत और देवानंद गड्डम को समूह के निदेशक मंडल का सदस्य बताया गया है।

कार्यक्रमों में भागीदारी भी प्रस्तावित गतिविधियों में शामिल

समूह ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक, सामुदायिक और सूचना संबंधी कार्यक्रम आयोजित करने या उनमें हिस्सा लेने को भी अपनी प्रस्तावित गतिविधियों में शामिल किया है।

मॉस्को के पास यूक्रेन के ड्रोन हमले, रूसी सेना ने कई मानवरहित विमानों को मार गिराया

मॉस्को , एजेंसी। रूस की राजधानी मॉस्को की ओर बढ़ रहे करीब 30 मानवरहित हवाई विमानों (यूएवी) को रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने नष्ट कर दिया। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने रूसी मीडिया को यह जानकारी दी। मेयर ने बताया कि रोके गए ड्रोन के मलबे गिरने वाली जगहों पर आपातकालीन सेवाओं की टीमें काम कर रही हैं।

रूसी समाचार वेबसाइट इजवेस्टिया के अनुसार, नई वायु रक्षा प्रणालियों के कारण यूक्रेनी सशस्त्र बलों को अपने ड्रोन के रास्ते बदलने पड़ रहे हैं। ये प्रणालियां हवाई लक्ष्यों को रोकने से पहले ही विरोधी पक्ष की रणनीति को प्रभावित करने में सक्षम हैं। इससे पहले 15 ड्रोन को नष्ट किए जाने के बाद राजधानी की ओर बढ़ रहे 10 अन्य ड्रोन को भी वायु रक्षा प्रणालियों ने रोक लिया। इस बीच, रूस की संघीय हवाई परिवहन एजेंसी रोसावियात्सिया ने क्षेत्र के चार प्रमुख हवाई अड्डों में से तीन पर उड़ानों को लेकर प्रतिबंध लगा दिए। इनमें वनुकोवो, डोमोडेडोवो और झुकोवस्की हवाई अड्डे शामिल हैं। झुकोवस्की में प्रतिबंध हटा लिए गए हैं, जबकि अन्य दो हवाई अड्डों पर अस्थायी पाबंदियां अभी लागू हैं। कीव इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक, मॉस्को क्षेत्र के निवासियों ने राजधानी से करीब 50 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित नारो-फोमिंस्क शहर के पास कई धमाकों की आवाज सुनने की जानकारी दी।

इस्त्राइल में यहूदी-अरब सरकार बनाने की मांग को लेकर तेल अवीव समेत कई जगहों पर प्रदर्शन : तेल अवीव , एजेंसी। इस्त्राइल में यहूदी-अरब सरकार बनाने की मांग को लेकर सैकड़ों लोगों ने तेल अवीव, यरुशलम और हाइफा में प्रदर्शन किया। इस्त्राइली दैनिक समाचार पत्र हारेत्ज के अनुसार, यरुशलम के पेरिस स्क्वायर, तेल अवीव के मेसिला पार्क और हाइफा के यूनेस्को स्क्वायर में करीब 300 लोग जुटे। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में ऐसे पोस्टर ले रखे थे, जिन पर 'नदी से समुद्र तक सभी के लिए आजादी' और 'यहूदी-अरब सरकार के समर्थन में' जैसे नारे लिखे थे।

ब्राजील: इलेक्टोरल कोर्ट ने कहा, 'चुनाव कानून और संविधान के अनुरूप हुए संपन्न'

ब्रासीलिया , एजेंसी। ब्राजील के सुपीरियर इलेक्टोरल कोर्ट (टीएसई) प्रमुख कैसियो नून्स मार्केस ने कहा है कि देश के 2026 के चुनाव सामान्य रूप से संपन्न हुए और इनमें कानूनी तथा संवैधानिक नियमों का पूरी तरह से पालन किया गया। बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को अदालत की वेबसाइट पर जारी एक बयान में नून्स मार्केस ने कहा, 'मतदान पूरी चुनावी न्याय प्रणाली के तरह कराए गए। मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया और वैध तरीके से अपने प्रतिनिधियों को चुना।' उन्होंने कहा कि मतदान के अंतिम चरणों में थोड़ा व्यवधान हुआ, लेकिन इसके बावजूद, अदालत द्वारा उठाए गए कदमों और तकनीकी कर्मचारियों की कुशलता की बदौलत वोटों की गिनती सुचारू रूप से हो सकी और चुनाव सुरक्षित तरीके से संपन्न हुए। 'कानूनी प्रक्रिया के तहत सामने रखी गई सभी आपत्तियों की जांच की जाएगी और उनका जवाब दिया जाएगा। समाचार

एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह बयान तब आया जब सीनेटर फ्लेवियो बोल्सोनारो ने एक खुले पत्र में चुनावी धांधली का आरोप लगाया। बता दें कि रविवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे दौर (रनऑफ) में बोल्सोनारो को मौजूदा राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा से हार का सामना करना पड़ा था।

बोल्सोनारो ने ब्राजील के सुप्रीम फेडरल कोर्ट (एसटीएफ) पर आरोप लगाया कि उसने मतदान का समय दो घंटे बढ़ाकर टीएसई के अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि मतदान का समय बढ़ाने का आदेश आधिकारिक समापन समय के बाद दिया गया, जिससे मतदाताओं के साथ असमान व्यवहार हुआ।

उन्होंने टीएसई की आलोचना करते हुए कहा कि उसने मतदान का समय बढ़ाने के फैसले का बचाव तो किया, लेकिन कोई ठोस या विश्वसनीय जवाब नहीं दिया।

रविवार को दोनों राष्ट्रपति उम्मीदवारों की इलेक्शन कैंपेन टीम ने बताया कि वोटर्स को मतदान केंद्रों तक पहुंचने में कठिनाई हुई, जिसके बाद एसटीएफ ने मतदान का समय शाम 7 बजे (2200 जीएमटी) तक बढ़ाने का आदेश दिया गया। यह आदेश केवल उन मतदान केंद्रों पर लागू हुआ जो शाम 5 बजे तक खुले थे; जो केंद्र पहले ही बंद हो चुके थे, उन्हें दोबारा नहीं खोला गया। रविवार को हुए दूसरे दौर के मतदान में लूला ने बोल्सोनारो को 40 लाख (4 मिलियन) से अधिक वोटों के अंतर से हराया। ब्राजीलियाई मीडिया के अनुसार, शाम 5 बजे के निर्धारित समापन समय के बाद केवल 34,300 वोट डाले गए, जो लूला की जीत के अंतर की तुलना में बहुत कम हैं। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, बोल्सोनारो और उनका परिवार बुधवार सुबह फ्लोरिडा के मियामी पहुंच गए। बताया जा रहा है कि उनका विमान अर्जेंटीना से उड़ान भरने के बाद इक्वाडोर में रुका और फिर अमेरिका के इस शहर में उतरा। जिसमें बोल्सोनारो को अपना पासपोर्ट फेडरल पुलिस को सौंपने और देश छोड़ने से प्रतिबंधित करने के लिए कहा गया था।

ईरान पर हमले की तैयारी के बीच हेगसेथ की बड़ी कार्रवाई, पेंटागन के शीर्ष जनरल को पद से हटाया

वाशिंगटन , एजेंसी। अमेरिका में ईरान के खिलाफ नए सैन्य हमलों की चर्चा के बीच रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने सेना के वरिष्ठ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल ब्रेट सिल्विया को उनके पद से हटा दिया है। वह जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ में रणनीति, योजना और नीति से जुड़े अहम पद पर तैनात थे। रक्षा विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक, उन्हें हटाने की वजह नहीं बताई गई है और उनकी जगह किसी नए अधिकारी की नियुक्ति भी नहीं हुई है।

32 साल की सेवा के बाद पद से हटाए गए सिल्विया : सिल्विया से पहले इस पद पर रहे लेफ्टिनेंट जनरल जोसेफ मैक्गी को भी पिछले साल अक्टूबर में रिटायर होना पड़ा था। इस घटनाक्रम की खबर सबसे पहले द अटलांटिक ने दी थी। जॉइंट स्टाफ के प्रवक्ता ने सिल्विया और उनके परिवार के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने देश की 32 साल

तक सेवा की है। हालांकि, उन्हें हटाने के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं की गई।

ईरान पर हमले की चर्चा के बीच फैसला : सिल्विया को ऐसे समय में हटाया गया है, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ नए सैन्य अभियान पर विचार कर रहे हैं। इजरायल के साथ युद्ध शुरू होने के बाद ट्रंप कई बार ईरान के खिलाफ अभियान पूरा करने की बात कह चुके हैं। उन्होंने संकेत दिया है कि मध्यावधि चुनावों के बाद ईरान पर दोबारा हमले किए जा सकते हैं। हालांकि, इस बारे में अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है।

मामले की जानकारी रखने वाले दो राजनयिकों के मुताबिक, अमेरिकी अधिकारियों ने मध्य पूर्व के कई देशों और क्षेत्रीय सहयोगियों को संभावित सैन्य कार्रवाई के लिए तैयार रहने को कहा है। उन्हें ईरान की ओर से जवाबी हमले की आशंका को लेकर भी सतर्क किया गया है। इस बीच, अमेरिका का तीसरा विमानवाहक पोत और हजारों अतिरिक्त सैनिक भी क्षेत्र की ओर बढ़ रहे हैं।

सैन्य रणनीति बनाने में अहम थी सिल्विया की भूमिका : जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ में छ5 विभाग अमेरिकी सेना की रणनीति और सैन्य योजनाएं तैयार करने में अहम भूमिका निभाता है। यह विभाग सैन्य अभियानों की योजना बनाने और सेना के शीर्ष अधिकारियों के बीच तालमेल स्थापित करने का काम करता है। इससे पहले सिल्विया केंटकी के फोर्ट कैंपबेल में 101वीं एयरबोर्न डिवीजन के कमांडर थे। वह छ5 के उपनिदेशक के रूप में भी काम कर चुके हैं। हेगसेथ के कार्यकाल में बड़े बदलाव रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के कार्यकाल में अब तक करीब दो दर्जन जनरल, एडमिरल और अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी पद छोड़ चुके हैं या उन्हें हटाया गया है। इनमें सेना और नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं। ज्यादातर मामलों में पेंटागन ने सार्वजनिक तौर पर कोई स्पष्ट वजह नहीं बताई है। हेगसेथ ने पिछले महीने शीर्ष सैन्य अधिकारियों के पदों में कटौती तेज करने का आदेश दिया था। योजना के मुताबिक, 1 जनवरी 2027 तक जनरल और फ्लैग ऑफिसर स्तर के पदों में 20 फीसदी की कमी की जानी है। फिलहाल ऐसे करीब 800 पद हैं।

अमेरिका पहुंचकर फ्लावियो बोल्सोनारो बोले - चुनाव में धांधली हुई, मैं ब्राजील का असली नेता

मियामी , एजेंसी। ब्राजील के सीनेटर फ्लावियो बोल्सोनारो अमेरिका के मियामी पहुंच गए हैं. वहां पहुंचकर उन्होंने खुद को ब्राजील का असली नेता बताया. उन्होंने आरोप लगाया कि देश के सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने चुनाव में धांधली करके उन्हें सत्ता से दूर रखा. हालांकि, लूला ने चुनाव में करीब 45 लाख वोटों से जीत हासिल की है. फ्लावियो ने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश को भी नहीं माना, जिसमें उन्हें अपने पासपोर्ट जमा करने को कहा गया था. उन्होंने अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई को अमेरिका पहुंचने में मदद के लिए धन्यवाद दिया. साथ ही, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आभार जताया, जिन्होंने फ्लावियो और उनके परिवार को अमेरिका आने का वीजा दिया.

पहले खुद को राष्ट्रपति बताया, फिर बदला बयान : फ्लावियो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक खुला लेटर पोस्ट किया. इसमें उन्होंने पहले खुद को निर्वाचित राष्ट्रपति बताया. बाद में उन्होंने यह पोस्ट हटा दी और नया लेटर जारी किया. इसमें उन्होंने खुद को ब्राजील का सही नेता बताया. उन्होंने कहा कि उनके 6 करोड़ समर्थकों और पूरे ब्राजील को जानना चाहिए कि वही देश के नेता हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि वोट चोरी करने वाले लोग एक अपराधी संगठन का हिस्सा हैं, जिसने देश में तानाशाही कायम कर दी है. हालांकि, ब्राजील के संघीय चुनाव न्यायालय, कई देशों के नेताओं, अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों और फ्लावियो की अपनी पार्टी ने लूला की जीत को मान्यता दी है. चुनाव आयोग के प्रमुख कासियो नूनेस मार्केस ने भी कहा कि चुनाव कानून और संविधान के नियमों के मुताबिक हुआ था. ट्रंप ने फ्लावियो के बयान पर कुछ कहने से इनकार किया. हालांकि, वह पहले ब्राजील के चुनाव को बहुत अजीब बता चुके हैं.

चुनाव रद्द कराने की मांग पर सफलता की उम्मीद कम : फ्लावियो ने चुनाव में धांधली का कोई सबूत नहीं दिया. उनका आरोप है कि लूला के समर्थन वाले सुप्रीम कोर्ट के एक जज ने रविवार को मतदान का समय दो घंटे बढ़ा दिया था. लूला की पार्टी ने उत्तर-पूर्वी राज्यों में वोटरों को मतदान से रोकने की शिकायत की थी. दूसरी ओर, फ्लावियो की पार्टी ने भी बारिश के कारण दक्षिणी राज्यों में मतदान का समय बढ़ाने की मांग की थी. इंस्पर के प्रोफेसर पेद्रो बुर्गोस के एनालिसिस के मुताबिक, एक्स्ट्रा दो घंटों में 35 हजार से कम वोट पड़े. यह कुल वोटों का करीब 0.03 फीसदी था. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, चुनाव रद्द कराने की फ्लावियो की मांग सफल होने की संभावना बहुत कम है. फ्लावियो ने कहा कि वह ब्राजील से भागे नहीं, बल्कि खुद और परिवार को बचाने के लिए देश छोड़कर गए हैं।

वीजा धोखाधड़ी पर नकेल: उपराष्ट्रपति वेंस बोले- अमेरिकी वर्कर्स को हटाकर विदेशियों को रखना बर्दाश्त नहीं

वाशिंगटन , एजेंसी। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन्हें वीजा धोखाधड़ी से निपटने और उन नियोक्ताओं को चुनौती देने का अधिकार दिया है, जो अमेरिकी कर्मचारियों की जगह कम वेतन वाले विदेशी कर्मचारियों को काम पर रख रहे हैं। उन्होंने उत्तरी कैरोलिना में अपने चुनावी भाषण में नौकरियों की सुरक्षा को मुख्य मुद्दा बनाया। किंस्टन में मध्यावधि चुनाव रैली में, वेंस ने वीजा नियमों के सख्ती से पालन को प्रशासन के उस व्यापक तर्क से जोड़ा, जिसके अनुसार सरकार को अमेरिकी कामगारों और घरेलू निवेश को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने न तो किसी नई वीजा नीति की घोषणा की, न ही किसी नई कार्रवाई के बारे में बताया, और न ही पात्रता, आवेदन प्रक्रिया या नियोक्ताओं की जिम्मेदारियों में किसी बदलाव का जिक्र किया। उनकी बातों में प्रशासन की प्राथमिकताओं की झलक थी, न कि किसी नए नियम की।

वेंस ने कहा, 'राष्ट्रपति ने मुझे और मेरी टीम को वीजा धोखाधड़ी पर लगाम लगाने और ऐसे लोगों के खिलाफ लड़ने की जिम्मेदारी दी है, जो अमेरिकी कामगारों को नौकरी से निकालकर उनकी जगह कम वेतन वाले विदेशी नागरिकों को रख लेते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि 'अमेरिकी नौकरियां

अमेरिकी नागरिकों को ही मिलनी चाहिए।

वेंस ने यह नहीं बताया कि वह किस टीम की बात कर रहे थे, और न ही यह स्पष्ट किया कि ट्रंप ने उन्हें यह जिम्मेदारी कब सौंपी थी। उन्होंने किसी ऐसे नियोक्ता का नाम भी नहीं लिया जिस पर गलत काम करने का आरोप हो, न ही किसी नियम के उल्लंघन का कोई सबूत पेश किया और न ही किसी कंपनी के खिलाफ दंड की घोषणा की। इस पूरे बयान में भारत, भारतीय कामगारों या एच-1बी कार्यक्रम का कोई जिक्र नहीं था। इसमें अस्थायी वर्क वीजा और स्थायी निवास (परमानेंट रेजीडेंसी) पाने के रास्तों के बीच कोई अंतर भी नहीं बताया गया। अपने भाषण के अंत में, वेंस ने फिर से रोजगार के मुद्दे पर बात की। उन्होंने उन व्यवसायों को समर्थन देने का वादा किया जो अमेरिकी कामगारों में निवेश करते हैं, जबकि जो कंपनियां नौकरियां विदेशों में ले जा रही हैं, उन्हें चेतावनी दी। उन्होंने कहा, 'मैं कारोबारी समुदाय को यह संदेश देना चाहता हूं कि अगर आप हमारे साथ मिलकर काम करने और अमेरिकी कामगारों में निवेश करने को तैयार हैं, तो हम आपके सबसे बड़े समर्थक बनेंगे। 'लेकिन अगर आप अमेरिकी नौकरियों को विदेशों में ले जाना चाहते हैं, तो हम पूरी ताकत से आपका विरोध करेंगे, क्योंकि अमेरिकी नौकरियां अमेरिकी कामगारों को ही मिलनी चाहिए।' उन्होंने इन दोनों बातों को राष्ट्रीय संप्रभुता से जोड़ते हुए कहा कि चुने हुए नेताओं को अमेरिकी नागरिकों के प्रति जवाबदेह होना चाहिए। साथ ही, उन्हें कृषि, विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) और सशस्त्र बलों में काम करने वाले लोगों की आजीविका की रक्षा करनी चाहिए। वेंस ने पहले के राजनीतिक नेताओं की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने विदेशों में उत्पादन को बढ़ावा दिया, जिसकी वजह से ओहियो के उस कस्बे जैसे इलाकों को नजरअंदाज कर दिया गया, जहां वह पले-बढ़े थे। उनकी ये बातें वाशिंगटन में रिपब्लिकन पार्टी की सत्ता बनाए रखने के लिए उनके चुनावी अभियान का हिस्सा थीं।

उन्होंने ओहियो के मिडलटाउन में एक स्टील मिल में यूनियन वेल्डर के तौर पर काम करने वाले अपने दादा को याद किया और बताया कि अमेरिकी स्टील से बनी गाड़ियों पर उनके दादा को कितना गर्व होता था।

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप... कजाखस्तान में तनु शर्मा ने रचा इतिहास

नई दिल्ली। बचपन में एक कुत्ते के हमले का डटकर मुकाबला करने वाली हरियाणा की तनु शर्मा ने अब कुश्ती के मैट पर दुनिया की दिग्गज पहलवानों को पटखनी देकर इतिहास रच दिया है। कजाखस्तान के अस्ताना में आयोजित 2026 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में 20 साल की तनु शर्मा ने महिलाओं के 72 किलोग्राम भार वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में अमेरिका की प्रेशियस बेल को 9-5 से हराया। तनु शर्मा इसके साथ ही विश्व रेसलिंग चैंपियनशिप में इस भार वर्ग में पदक जीतने वाली पहली भारतीय पहलवान बन गईं। संस्कृत विषय के शिक्षक की बेटी तनु शर्मा की सीनियर स्तर पर यह पहली विश्व चैंपियनशिप थी। वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में जब तनु शर्मा का मुकाबला प्रेशियस बेल से हो रहा था। तब अस्ताना से करीब 3000 किलोमीटर दूर हरियाणा के हांसी जिले के भकलाना गांव में उनके पिता वीरेंद्र शर्मा घर में बेचैनी से इधर-उधर टहल रहे थे।

सरकारी स्कूल में संस्कृत के शिक्षक वीरेंद्र शर्मा घबराहट के कारण कभी अपनी बेटी का मैच नहीं देखते। जब तनु शर्मा ने प्रेशियस को हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता तो परिजन खुशी से झूम उठे। यह देखकर वीरेंद्र शर्मा ने राहत की सांस ली। वीरेंद्र शर्मा ने 'द इंडियन एक्सप्रेस' को बताया, ''मैं अपनी बेटी का मैच कभी नहीं देखता। इससे मुझे घबराहट होती है।'' उनकी बड़ी बेटी दौड़ती हुई उनके पास आई और उन्हें यह अच्छी खबर सुनाई। तनु शर्मा की बहन प्रियंका ने मजाक में कहा, ''पापा हमेशा मैच का रीप्ले देखते हैं और वह भी तब जब तनु शर्मा जीत जाती है। अगर वह हार जाए तो पापा मैच नहीं देख पाते।'' तनु शर्मा ने अपने पहले बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर सीनियर स्तर पर डेब्यू साल का शानदार समापन किया। इससे पहले इसी साल तनु शर्मा ने 20 वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता था।

मजबूत और निडर बच्ची

तनु शर्मा एक ऐसे परिवार से आती हैं जहां पढ़ाई-लिखाई को अहमियत दी जाती है। शिक्षक पिता की बेटी तनु शर्मा की बड़ी बहन भी शिक्षिका बनने के लिए कृश्वस्त्र कर रही हैं। हालांकि, तनु शर्मा की बचपन से ही खेलों में रुचि थी। वीरेंद्र शर्मा ने बताया, ''वह बचपन से ही काफी मजबूत थी। जब वह तीसरी कक्षा में थी तो एक घटना घटी जो काफी डरावनी थी। एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया, लेकिन तनु ने डटकर मुकाबला किया और उसे खदेड़ दिया। बाद में उसने हमें बताया कि इस दौरान कुत्ते ने उसे काट भी लिया था। हम उसे अस्पताल ले गए, लेकिन हमें यह समझ आ गया था कि वह कितनी मजबूत है।'' तनु के शरीर की बनावट और खेलों में उनकी रुचि को देखते हुए उनके चाचा नरेंद्र फौजी चाहते थे कि वह एक पहलवान बनें।

सीनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन

2026 विश्व चैंपियनशिप तनु का पहला सीनियर टूर्नामेंट था। अपनी पहले विश्व चैंपियनशिप में ही कांस्य पदक जीतना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। संजय इसका श्रेय तनु शर्मा की मानसिक मजबूती और समझदारी को देते हैं। संजय सिहाग ने बताया, ''तनु एक समझदार पहलवान है। पहलवानों के लिए शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे खेल की समझ (गेम इंटेलिजेंस) बेहतर होती है। तनु अपनी ताकत के साथ-साथ दिमाग का भी इस्तेमाल करती है।'' विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में तनु शर्मा अपना पहला मुकाबला पोलैंड की विक्टोरिया चोलुज से हार गईं थीं। हालांकि, विक्टोरिया के फाइनल में पहुंचने के बाद तनु शर्मा ने 'रेपेचेज' राउंड में ट्यूनीशिया की मौजूदा अफ्रीकी चैंपियन जैनब सघायर को हराया। फिर कांस्य पदक मुकाबले में मौजूदा पैन अमेरिकन चैंपियन बेल को मात दी। संजय ने बताया, ''तनु स्वभाव से काफी भावुक है। पदक जीतने के बाद जब उसने मुझे फोन किया तो वह रो रही थी। हालांकि, भावुकता कभी-कभी उसके लिए मददगार भी साबित होती है।

नोवाक जोकोविच की स्विस इंडोर्स बेसल में वापसी निराशाजनक

नई दिल्ली। नोवाक जोकोविच की स्विस इंडोर्स बेसल में वापसी निराशाजनक रही, क्योंकि गुरुवार को सर्बियाई खिलाड़ी को जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ के हाथों दूसरे दौर में नाटकीय हार का सामना करना पड़ा। 39 वर्षीय खिलाड़ी दो घंटे 36 मिनट तक चले मुकाबले में 6-7 (4), 7-5, 7-6 (5) से हार गए और अपने शानदार खिताबों के संग्रह में एक और खिताब जोड़ने का मौका गंवा बैठे। इस हार का मतलब यह भी है कि जोकोविच को रोजर फेडरर के 103 करियर खिताबों के अंतर को कम करने के लिए इंतजार करना होगा। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने इस महीने की शुरुआत में बीजिंग में चाइना ओपन में अपना 102वां टूर-स्तरीय खिताब जीता था। पुरुष टेनिस में केवल फेडरर (103 खिताब) और जिमी कॉनर्स (109 खिताबों के साथ सर्वकालिक रिकॉर्ड) ने ही जोकोविच से अधिक एकल खिताब जीते हैं। जोकोविच के बेसल अभियान में इतिहास का एक और पहलू जुड़ गया । 2011 के बाद पहली बार वह इस टूर्नामेंट में लौटे थे, जहां उन्होंने 2009 में फेडरर को फाइनल में हराकर खिताब जीता था। बेसल में पले-बढ़े फेडरर ने अपने गृहनगर में रिकॉर्ड 10 बार ट्रॉफी जीती है और 2010 के फाइनल में जोकोविच को मात दी थी। सर्बियाई खिलाड़ी 2011 में सेमीफाइनल तक भी पहुंचे थे। विश्व रैंकिंग में 47वें स्थान पर काबिज स्ट्रफ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को बाहर कर दिया। जोकोविच ने पहला सेट टाई-ब्रेक में जीता, लेकिन जर्मन खिलाड़ी ने दूसरे सेट में अपने पहले ब्रेक-पॉइंट को भुनाते हुए वापसी की और मैच को बराबरी पर ला दिया। निर्णायक सेट एक और टाई-ब्रेक में गया, जहां स्ट्रफ ने संयम बनाए रखा और अपने 27वें ऐस के साथ जीत हासिल कर ली, जिससे जोकोविच के पास वापसी का कोई मौका नहीं बचा।

जोकोविच की एटीपी फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लगा

बेसल से बाहर होना जोकोविच के लिए ट्यूरिन में होने वाले सीजन के आखिरी एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की राह में एक बड़ा झटका है। उनके पास खिताब जीतकर रैंकिंग में महत्वपूर्ण अंक हासिल करने का मौका था, खासकर राफेल जोडर की हार के बाद जब क्वालीफाई करने का रास्ता खुल गया था। इस हार के बाद, जोकोविच स्पेनिश खिलाड़ी से 319 अंक पीछे हैं, और एटीपी फाइनल्स से पहले पेरिस मास्टर्स आखिरी टूर्नामेंट है। एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट रोलेक्स पेरिस मास्टर्स 2 से 8 नवंबर तक आयोजित होने वाला है। जोकोविच तीन साल के अंतराल के बाद इस टूर्नामेंट में वापसी कर रहे हैं, जहां उन्होंने रिकॉर्ड छह बार खिताब जीता है। पेरिस में उनका शानदार प्रदर्शन ट्यूरिन में जगह पक्की करने की उनकी उम्मीदों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। इस बीच, शीर्ष वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को भी बेसल में अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा। उन्हें विश्व रैंकिंग में 222वें स्थान पर मौजूद स्विस वाइल्डकार्ड खिलाड़ी जेरोम किम से हार मिली।

मैच में 200 रन खा रहे, हार पर भड़के अय्यर, कहा- गेंदबाजी खराब हो रही

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेले गए चौथे टी20 मुकाबले में मेजबान न्यूजीलैंड ने भारत को 87 रनों से करारी शिकस्त दी। न्यूजीलैंड के दिए 260 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 172 रन ही बना सकी। हालांकि, पांच मैचों की इस टी20 सीरीज में भारतीय टीम अभी भी 3-1 से आगे चल रही है। मैच के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने हार स्वीकार करते हुए स्वीकार किया कि टीम की शुरुआत गेंदबाजी में उम्मीद के मुताबिक नहीं रही और पॉवरप्ले में ही मैच का रुख न्यूजीलैंड की ओर झुक गया।

अगले मैच से पहले तैयार होगी रणनीति

अगले मुकाबले की रणनीति और परिस्थितियों में ढलने को लेकर श्रेयस ने कहा, 'यह समझना महत्वपूर्ण है कि हम कहां बेहतर कर सकते हैं। हैमिल्टन जाने से पहले हमारे पास एक दिन का ब्रेक है इसलिए हम रणनीति बनाएंगे और अगले मैच में अपनी पूरी क्षमता से अमल करने की कोशिश करेंगे। हम जानते थे कि इस मैदान के आयाम (बाउंड्री) अलग हैं और कुछ खिलाड़ी पहली बार ऐसे मैदानों पर खेल रहे थे।'

उन्होंने आगे कहा, 'परिस्थितियों में ढलने में थोड़ा समय लगता है। शुरुआत के तीनों मैचों में खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा था, यह एक सीखने की प्रक्रिया है। उम्मीद है कि हम अगले मैच में सकारात्मक सोच के साथ वापसी करेंगे।'

ग्लेन फिलिप्स की पारी असाधारण थी, गेंदबाजों पर फाड़ा बिल

मैच के बाद बात करते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा, 'निश्चित रूप से, मुझे लगता है कि शुरुआत में हमारी गेंदबाजी थोड़ी कमजोर रही। पॉवरप्ले में, खासकर तीसरे ओवर से उन्होंने जो लय हासिल की, उसके बाद कुछ गेंदबाजों ने वापसी कराने की कोशिश की, लेकिन ग्लेन फिलिप्स की पारी असाधारण थी। उन्होंने कुछ ऐसे शॉट खेले जो देखना किसी आनंद से कम नहीं था। उन्हें इसका श्रेय जाता है, वह पूरी सीरीज में निरंतर प्रदर्शन कर रहे हैं और उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है।'

रिपोर्ट में किया जा रहा दावा

रोहित शर्मा की कप्तानी में एमआई के लिए खेलने को तैयार हैं हार्दिक पांड्या

नई दिल्ली। हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस में अपने भविष्य को लेकर बनी अनिश्चितता को दरकिनार करने के लिए तैयार दिख रहे हैं, भले ही इसका मतलब रोहित शर्मा की कप्तानी में फ्रेंचाइजी में वापसी करना ही क्यों न हो। आईपीएल 2027 से पहले अभी भी ट्रेड को लेकर बातचीत अधूरी है, ऐसे में ऑलराउंडर कथित तौर पर मुंबई इंडियंस में बने रहने के लिए तैयार हैं, बजाय इसके कि वे कहीं और जाने की जिद करें। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगर प्रस्तावित ट्रेड डील सफल नहीं होती है तो हार्दिक को रोहित की कप्तानी में खेलने में कोई आपत्ति नहीं है। यह संभावना फ्रेंचाइजी में उनके रिश्ते में एक दिलचस्प मोड़ लाती है, क्योंकि आईपीएल 2024 से पहले हार्दिक ने रोहित की जगह कप्तानी संभाली थी।

हार्दिक-रोहित की वापसी के लिए तैयार

2024 में हार्दिक की कप्तानी मुंबई इंडियंस के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत थी। हालांकि, नेतृत्व में यह बदलाव काफी आलोचनाओं के घेरे में आ गया, खासकर टीम के मुश्किल दौर से गुजरने के बाद। उस सीज़न में हार्दिक की कप्तानी में स्क्वॉड ने अपने 14 मैचों में से सिर्फ चार मैच जीते और अंक तालिका में नौवें स्थान पर रही। उनका खिताब का सूखा छह साल तक बढ़ गया, जिससे कप्तानी के फैसले को लेकर दबाव और बढ़ गया। दिलचस्प बात यह है कि पिछले सीजन के खत्म होने से पहले ही फ्रेंचाइजी ने रोहित को कप्तान के रूप में वापस लाने पर विचार किया था, जैसा कि इंडियन एक्सप्रेस ने रिपोर्ट किया है। सूर्यकुमार यादव और जसप्रीत बुमराह उन स्थापित खिलाड़ियों में शामिल थे जिन पर इस भूमिका के लिए विचार किया जा सकता था, जबकि तिलक वर्मा को भी भविष्य के लिए एक संभावित विकल्प के रूप में देखा जा रहा था।मुंबई ने आखिरकार उसी कप्तान को चुना जिसने उन्हें पांच आईपीएल खिताब दिलाए थे। हालांकि, रोहित ने पहले तिलक को संभावित उत्तराधिकारी के रूप में सुझाया था, जिसके बाद फ्रेंचाइजी ने उनसे दोबारा कप्तानी संभालने के लिए संपर्क किया। इंडियन एक्सप्रेस को एक सूत्र ने बताया कि रोहित ने फ्रेंचाइजी के साथ कई दौर की बातचीत के बाद सहमति जताई।

उपलब्धि...अर्शदीप सिंह ने तोड़ा जोश लिटिल का रिकॉर्ड

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे टी20 मैच में भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने 4 ओवर में 38 रन देकर एक विकेट लिया। इस एक विकेट के दम पर वो भारत की तरफ से टी20आई में 150 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने साथ ही साथ उन्होंने जोश लिटिल का रिकॉर्ड तोड़ दिया और एक कैलेंडर वर्ष में क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर (फुल मेंबर टीम) भी बने।अर्शदीप सिंह ने कीवी टीम के खिलाफ चौथे टी20 मैच में एक विकेट लिया और वो एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में टॉप पर पहुंच गए। उन्होंने जोश लिटिल के द्वारा बनाया गया 4 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। लिटिल ने साल 2022 में 39 विकेट लिए थे और अब वो दूसरे नंबर पर आ गए। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर वानिंदु हसरंगा हैं जिन्होंने साल 2024 में कुल 38 विकेट लिए थे जबकि भुवनेश्वर कुमार चौथे नंबर पर हैं जिन्होंने साल 2022 में 37 विकेट हासिल किए थे।

अर्शदीप सिंह ने पूरे किए 150 विकेट

अर्शदीप सिंह ने कीवी टीम के खिलाफ चौथे मैच में एक विकेट लिया और वो भारत की तरफ से 150 विकेट लेने वाले टी20आई प्रारूप में पहले बॉलर बने। वो भारत की तरफ से टी20आई में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर भी हैं। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर जसप्रीत बुमराह हैं जिन्होंने अब तक कुल 126 विकेट लिए हैं जबकि तीसरे नंबर पर अक्षर पटेल हैं जिन्होंने अब तक कुल 116 विकेट लिए हैं।

पैन पैसिफिक ओपन: चोट के कारण हटी एलेना

टोक्यो। दुनिया की नंबर 1 एलेना रिबाकिना का पैन पैसिफिक ओपन में अभियान शुक्रवार को समय से पहले समाप्त हो गया। कजाकिस्तान की इस खिलाड़ी ने गर्दन की चोट के कारण डब्ल्यूटीए 500 टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। इस वजह से कनाडा की लेयला फर्नांडीज सेमीफाइनल में पहुंच गईं। रिबाकिना ने गर्दन में सूजन और दर्द को नाम वापस लेने का कारण बताया, और बताया कि इस समस्या ने उनके बेस्ट परफॉर्म करने की क्षमता पर असर डाला था।

उन्होंने कहा, 'मुझे यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मुझे अपने अगले मैच से हटना पड़ा है। बदकिस्मती से, मेरी गर्दन में सूजन और दर्द हो रहा है, जिससे मैं अपना बेस्ट नहीं दे पा रही हूं। यह बहुत मुश्किल फैसला है, क्योंकि मुझे यहां खेलना पसंद है और मैं हमेशा फैंस के जबरदस्त सपोर्ट की तारीफ करती हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं अगले साल फिर वापस आऊंगी। आप सभी की समझदारी और समर्थन के लिए धन्यवाद।' फर्नांडीज अब सेमीफाइनल में रूस की लकी लूजर कामिला राखिमोवा से भिड़ेंगी, जिसमें फाइनल में उनकी जगह दांव पर लगी है। राखिमोवा ने तीन सेट के मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर माया जॉइंट को

7-5, 5-7, 6-1 से हराकर आखिरी चार में अपनी जगह पक्की की।

2026 यूएस ओपन चैंपियन के लिए एक अहम सप्ताह के बाद रिबाकिना का हटना एक झटका है। गुरुवार को, उन्होंने हमवतन यूलिया पुतिनत्सेवा को 70 मिनट में 6-2, 6-3 से हराकर अपने करियर में पहली बार साल के आखिर में टॉप रैंकिंग हासिल की। कजाख खिलाड़ी ने पुतिनत्सेवा के खिलाफ शानदार सर्विंग परफॉर्मेंस दी, जिसमें उन्होंने अपने पहले सर्व पॉइंट्स में से 75 प्रतिशत और दूसरे सर्व के पीछे 57 प्रतिशत पॉइंट्स जीते।

पाकिस्तान के लिए विदेशी कोच की तलाश करेगी पीसीबी

नई दिल्ली। लगातार निराशाजनक परिणामों के बावजूद पूर्व टेस्ट तेज गेंदबाज वहाब रियाज को टीम में बनाए रखने के बाद, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आखिरकार अपनी राष्ट्रीय महिला टीम के लिए एक विदेशी कोच की तलाश करने का फैसला किया है। बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र ने शुक्रवार को बताया कि पीसीबी जल्द ही महिला टीम के मुख्य कोच के पद के लिए विज्ञापन जारी करेगा, जिसमें विदेशी उम्मीदवार को प्राथमिकता दिए जाने की संभावना है। सूत्र ने बताया, 'महिला टीम के अगले अंतरराष्ट्रीय दौरे, जो कि वेस्ट इंडीज का दौरा है, से पहले यह नियुक्ति की जाएगी।' भारत और श्रीलंका में आयोजित आईसीसी महिला 50 ओवर विश्व कप में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद नवंबर में मुख्य कोच मुहम्मद वसीम को हटाए जाने के बाद से वहाब पिछले दिसंबर से महिला टीम को सलाह दे रहे हैं। हालांकि, वहाब की कप्तानी में टीम अपने प्रदर्शन में सुधार करने में विफल रही है।

हाइलो ओपन बैडमिंटन... सिंधु-लक्ष्य पहुंचे क्वार्टर फाइनल में

सिंधु ने सीधे गेम में जीता मैच, मालविका और इशरानी बाहर

नई दिल्ली। भारत की पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने गुरुवार को जर्मनी के सारब्रुकन में चल रहे हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। सिंधु ने महिला सिंगल्स के दूसरे राउंड में फ्रांस की रोसी ओक्टाविया पंकसारी को 26 मिनट में 21-9, 21-6 से हराया। पुरुष सिंगल्स में लक्ष्य सेन ने हमवतन किरण जॉर्ज को 54 मिनट में 21-15, 18-21, 21-12 से शिकस्त दी। दूसरी ओर मालविका बंसोड़ और इशरानी बरुआ हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधु ने फ्रांस की पंकसारी के खिलाफ शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। उन्होंने मैच में खेले गए 57 पॉइंट में से 42 अपने नाम किए। फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहीं पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने पहले राउंड में प्रकृति भारत को हराया था। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना डेनमार्क की अमली शुल्ज से होगा।

दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधु ने शुरुआत से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी। उन्होंने फ्रांस की पंकसारी को दोनों गेम में वापसी का मौका नहीं दिया। सिंधु ने मुकाबले में खेले गए 57 पॉइंट में से 42 अपने नाम किए, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी को 15 पॉइंट मिले।

भारत के टॉप रैंकिंग वाले पुरुष सिंगल्स खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने प्री-क्वार्टर फाइनल में हमवतन किरण जॉर्ज को हराया। लक्ष्य ने पहला गेम 21-15 से

जीता, लेकिन दूसरे गेम में 18-21 से हार गए। निर्णायक गेम में लक्ष्य ने दमदार वापसी की और 21-12 से जीत दर्ज कर अंतिम आठ में जगह बनाई। महिला सिंगल्स में मालविका बंसोड़ को कनाडा की वेन यू झांग ने 21-11, 21-17 से हराया। मुकाबला 31 मिनट चला। मालविका पहले गेम में पिछड़ गईं और दूसरे गेम में बेहतर प्रदर्शन के बावजूद मैच नहीं बचा सकीं।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com